CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक :11 | जयपुर, बुधवार 28 जनवरी, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए | पृष्ठ : 8+st

## भाजपा कार्यालय में भजनलाल और मदन राठौड़ ने गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया, सतीश पूनिया भी रहे मौजूद






जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तिरंगा ध्वज फहराया। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। आज ही के दिन हमारे संविधान की रचना हुई थी। देश में यदि किसी राजनीतिक दल ने संविधान का सही मायनों में सम्मान किया है, तो वह भारतीय जनता पार्टी है। भाजपा ने संविधान को सर्वोच्च सम्मान देने का कार्य किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संविधान हमें व्यवस्थाओं का पालन करना सिखाता है, जिससे देश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनी रहे और आम नागरिक सम्मान के साथ जीवन यापन कर सके। संविधान मर्यादा, अनुशासन और समानता का मार्ग प्रशस्त करता है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पदभार ग्रहण करते समय संविधान को मस्तक पर लगाकर उसका सम्मान किया था। आज भाजपा के सभी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि संवैधानिक व्यवस्थाओं के अनुरूप आचरण कर रहे हैं। प्रदेश में भजनलाल शर्मा की डबल इंजन सरकार का सतत प्रयास है कि आम नागरिक को आज़ादी का वास्तविक अनुभव मिले, विकास के अवसर मिलें और वे देश के विकास में सहभागी बनें। राठौड़ ने पड़ोसी देशों की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों में संवैधानिक व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं, जहां आम नागरिक अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। इसके विपरीत भारत में संवैधानिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, जिसके लिए देश के नेतृत्व का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि संविधान को सर्वोच्च सम्मान देते हुए ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिससे सर्व समाज का समग्र विकास हो सके और आम नागरिक के जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण हो। इस अवसर पर सांसद घनश्याम तिवाड़ी, मंजू शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य महाराज, भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री अजीत मांढण, नारायण मीणा, आईदान सिंह भाटी, अपूर्वा सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यालय सचिव मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा सहित मोर्चो के अध्यक्ष, संयोजक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट सत्र को लेकर भाजपा विधायकों को दिए दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को भाजपा विधायक दल की बैठक आयोजित की बैठक में भाजपा के विधायकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने आगामी बजट सत्र में सरकार के सभी मंत्रियों को पूरी तैयारी के साथ विधानसभा में आने और विधानसभा में पूछे जाने वाले सभी सवालों के जवाब तथ्यात्मक और सटीक तरीके से देने के लिए कहा मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के सभी विधायकों से कहा कि विधानसभा में जनता से जुड़े मुद्दे और विषय उठाएं लेकिन नियम और कायदों के अनुसार अपनी बात रखें और सदन की मर्यादा का भी पूरा ध्यान रखें इसके अलावा सत्ता पक्ष के विधायक सदन में इस तरह का माहौल न बनाएं जिसकी वजह से विपक्ष को सत्ता पक्ष पर हमला बोलने का मौका मिल जाए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत होने वाले बजट के संदर्भ में होने वाली अनुदान मांगों की चर्चा में विधायकों को तथ्यात्मक और सटीक तरीके से अपनी बात अपने भाषण में प्रस्तुत करने के लिए कहा इसके अलावा सदन में विपक्ष के किसी भी तरह के हमले का सदन के नियम और कायदों के मुताबिक करारा जवाब देने के लिए भी मुख्यमंत्री शर्मा ने विधायकों से कहा मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि सरकार ने पिछले 2 साल में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं और आगे भी सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास और हर जाति और बिरादरी के लोगों के कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य करेगी। इसलिए सरकार की ओर से पिछले 2 साल में किए गए विकास कार्यों और ऐतिहासिक निर्णय के बारे में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में नियमित रूप से जनसंपर्क के दौरान लोगों को बताते रहें तथा आगामी बजट के बारे में भी लोगों को पूरी जानकारी दें विधायक दल की बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और पार्टी के विधायक उपस्थित रहे बैठक में पार्टी के सभी विधायकों ने सरकार की ओर से पिछले 2 साल में किए गए कार्यों को लेकर प्रसन्नता जाहिर की और मुख्यमंत्री के निर्णय और कार्यों के बारे में उन्हें बधाई प्रेषित की भाजपा विधायक दल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के सभी विधायकों को बोलने का पूरा मौका दिया इसके अलावा राजस्थान विधानसभा में पहली बार चुनकर आए विधायकों से कहा कि वे पार्टी के सीनियर नेताओं से विधानसभा की कार्रवाई के बारे में नॉलेज लेते रहे विधानसभा के नियम कायदों को समझते रहे और सदन की चर्चाओं में भी हिस्सा लें आज से शुरू हो रहे राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र पर प्रदेश के लोगों की निगाह भी टिकी हुई है बजट आगामी 11 फरवरी को प्रस्तुत होगा इसलिए अभी बजट प्रस्तुत होने में थोड़ा समय है लेकिन विधानसभा की कार्रवाई को लेकर लोगों में काफी उत्साह बना हुआ है प्रदेश की भजनलाल सरकार के लिए यह बजट सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि बजट सत्र के समापन के बाद प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव हो सकते हैं ऐसे में प्रदेश की भजनलाल सरकार के लिए प्रदेश के ग्रामीण अंचल के लोगों का दिल जीतने के लिए एक अच्छा मौका और हाथ लगा है इस बजट के माध्यम से प्रदेश सरकार लोगों के प्रति अपने भरोसे और विश्वास को और मजबूत कर सकती है यही वजह है कि आगामी बजट को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी काफी गंभीर हैं बजट को समावेशी और स्पर्शी बनाने के लिए सामूहिक चर्चा और सामूहिक मंथन के आधार पर बजट तैयार किया जा रहा ।

## भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया: पीएम मोदी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच ऐतिहासिक महा समझौता हो चुका है एक तरफ मुक्त व्यापार समझौता यानी एफटीए पर बातचीत पूरी होने की घोषणा की गई है तो दूसरी तरफ भारत और यूरोपीय यूनियन ने सुरक्षा और रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मदर ऑफ ऑल डील करार दिया है मंगलवार को भारत यूरोपीय शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनिया कोस्टा की मेजबानी की इसके बाद संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कर लिया है । अधिकारियों के मुताबिक कानूनी जांच के बाद करीब 6 महीने में एफटीए समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे इस समझौते के अगले साल प्रभाव में आने की उम्मीद है इस समझौते से कई क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में गुणात्मक बदलाव आने की उम्मीद है मंगलवार को आयोजित हुई बैठक के मुख्य बिंदु व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को मजबूत करने पर है दोनों पक्ष एक रक्षा ढांचा समझौते और एक रणनीतिक एजेंट को दुनिया के सामने रखने के लिए भी तैयार है दोनों के बीच नई साझेदारी ऐसे समय में हुई है जब यूरोप ,अमेरिका और चीन पर अपनी निर्भरता कम करने और अन्य क्षेत्रों के साथ अपने राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को गहरा करने की कोशिश कर रहा है यूरोपियन यूनियन कमीशन के अध्यक्ष उर्सुला ने भारत और यूरोपीय कमीशन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर मोहर लगाने की घोषणा की है अपनी टिप्पणी में उन्होंने कहा कि जब भारत सफल होता है तो दुनिया अधिक स्थिर समृद्ध और सुरक्षित होती है हम अब सभी को उससे लाभ होता है उन्होंने पिछले साल यूरोपीय यूनियन कॉलेज आफ कमिश्नर्स की भारत यात्रा को याद किया और बताया कि यह कैसे दोनों भागीदारों के बीच प्रतिबद्धता की गंभीरता को दर्शाता है उन्होंने कहा कि हमने यह कर दिया हमने मदर ऑफ ऑल डील को डिलीवर कर दिया है इस समझौते पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह एफटीए केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं है बल्कि सजा समृद्धि का नया ब्लूप्रिंट है उन्होंने कहा कि हमारे किसान और हमारे छोटे उद्योगों के लिए यूरोपीय मार्केट तक पहुंच को आसान बनाएगा मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा करेगा और हमारे सर्विसेज सेक्टर के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम इंडो पेसिफिक से लेकर कैरेबियन तक ट्रेलेटरल प्रोजेक्ट्स का विस्तार देंगे भारत और यूरोपीय संघ सहयोग विश्व के लिए अच्छा कदम है बहु पक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय मापदंड का सम्मान हमारी सजा परंपरा है हम एक मत हैं कि आज की चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग किसी भी रणनीतिक साझेदारी की नींव होती है आज हम इसे सिक्योरिटी एंड डिफेंस पार्टनरशिप के जरिए औपचारिक रूप दे रहे हैं इंडो पेसिफिक में हमारे सहयोग का दायरा और बढ़ेगा हमारी डिफेंस कंपनी सा विकास और शहर उत्पादन के नए अवसर सरकार करेगी इस महान समझौते पर यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनिया लुइस ने कहा कि मैं यूरोपीय परिषद का अध्यक्ष हूं लेकिन में एक प्रवासी भारतीय नागरिक भी हूं फिर जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि मेरे लिए इसका एक विशेष अर्थ है मुझे गोवा में अपनी जड़ों पर बहुत गर्व है जहां से मेरे पिता का परिवार आया था और यूरोप और भारत के बीच संबंध मेरे लिए व्यक्तिगत हैं उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपियन यूनियन का व्यापार समझौता नियम आधारित आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करता है ।

## सनातन को नजरअंदाज करने वाले कभी सरकार नहीं बना पाएंगे': अमित शाह




**अहमदाबाद(एंजेसी)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सनातन धर्म और उसकी परंपराओं को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। गुजरात के गांधीनगर में स्वामीनारायण संप्रदाय के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जो सरकार सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करती है, वह देश में दोबारा सत्ता में नहीं लौट सकती। उनके इस बयान को आने वाले राजनीतिक हालात और सांस्कृतिक विमर्श से जोड़कर देखा जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामीनारायण संप्रदाय के पवित्र ग्रंथ 'शिक्षापत्री' के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। शिक्षापत्री में 212 संस्कृत श्लोक हैं, जिन्हें भगवान स्वामीनारायण ने 1826 में लिखा था। यह ग्रंथ अनुयायियों के लिए आचरण, नैतिकता, समाज और आध्यात्मिक जीवन का मार्गदर्शन करता है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक सनातन परंपराओं को उचित सम्मान देने वाली सरकार की प्रतीक्षा रही। अमित शाह ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से उन्हें पूरा भरोसा है कि जो सरकार सनातन धर्म के मूल्यों को कमजोर करेगी, वह दोबारा सत्ता में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि आज देश में ऐसी सरकार है, जो सनातन धर्म के सिद्धांतों के अनुसार शासन कर रही है और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत कर रही है। अमित शाह ने भगवान स्वामीनारायण को ब्रिटिश काल में समाज को दिशा देने वाला महापुरुष बताया। उन्होंने कहा कि भगवान स्वामीनारायण ने पैदल यात्रा कर समाज सुधार का कार्य किया। शिक्षापत्री को उन्होंने जीवन का नैतिक संविधान बताया, जो पारदर्शिता, अहिंसा, करुणा और कर्तव्यबोध सिखाता है। उन्होंने कहा कि कन्या शिक्षा, जातिवाद और छुआछूत के विरोध जैसे सुधार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।


## विधानसभा में आज राज्यपाल का अभी भाषण, विधानसभा में सर्व दलीय बैठक का आयोजन

### सर्व दलीय बैठक में नहीं आए गोविंद सिंह डोटासरा, जोगाराम पटेल ने कहा विपक्ष जैसी भाषा में बात करेगा उसी भाषा में सत्ता पक्ष जवाब देगा









जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र का आज सुबह 11:00 बजे आगाज हो रहा है । बजट सत्र का शुभारंभ राज्यपाल हरी भाऊ बागडे के अभिभाषण से होगा आज विधानसभा में पिछले विधानसभा सत्र के समापन से लेकर चालू बजट सत्र के शुभारंभ की अवधि के बीच दिवंगत विभूतियां को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी आज सदन की कार्रवाई के बाद में विधानसभा की कार्यवाही समिति की बैठक होगी। जिसमें विधानसभा के आगे के दिनों की कार्य सूची निर्धारित की जाएगी । आज से शुरू हो रहे बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से रणनीति तैयार की जा रही है । सदन की कार्रवाई सुचारू रूप से संपादित हो और सदन में जनता से जुड़े विषयों पर अच्छी बहस हो तथा सदन अच्छे माहौल में चले इसके लिए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को विधानसभा में सर्वाधिक बैठक का आयोजन किया इस बैठक में राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा नहीं आए हालांकि प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली बैठक में शामिल हुए बैठक में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में टीकाराम जूली ने प्रतिपक्ष की डिमांड और विषय को प्रस्तुत किया और कहा कि प्रतिपक्ष भी चाहता है कि सदन में सार्थक बहस को जनता से जुड़े मुद्दों पर अच्छे माहौल में बातचीत हो और सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के साथ समान व्यवहार किया जाए दूसरी तरफ सत्ता पक्ष की ओर से विधानसभा के सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा है कि हम भी चाहते हैं विपक्ष अच्छी नियत और अच्छे विषयों के साथ नियम और कायदों के अनुसार अपनी बात कहे लेकिन अगर विपक्ष सिर्फ मीडिया में बने रहने के लिए ही नियमों के खिलाफ जाकर आचरण और व्यवहार करेगा तो फिर सदन ठीक तरह से कैसे चल सकता है।

**विपक्ष जिस भाषा में बात करेगा सत्ता पक्ष उसी भाषा में जवाब देगा : जोगाराम पटेल**

कानून और संसदीय मंत्री जोगाराम पटेल ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सत्ता पक्ष खुद सार्थक बहस विधानसभा में चाहता है सदन अच्छे माहौल में चले और जनता से जुड़े विषयों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच अच्छी बहस हो ताकि सरकार अच्छा निर्णय ले सके लेकिन अगर विपक्ष सिर्फ हंगामा नारेबाजी और मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए ही सदन में आएगा तो फिर जिस भाषा में विपक्ष बात करेगा उस भाषा में ही सत्ता पक्ष बात करेगा एक अन्य सवाल के जवाब में जोगाराम पटेल ने कहा कि इसलिए गहलोत सरकार के समय अशोक गहलोत एक बार भी सर्व दलीय बैठक में नहीं आए इसलिए विपक्ष की ओर से बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नहीं आने के विषय को उठाने का कोई मतलब ही नहीं रह जाता वैसे भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसी अन्य कार्य में व्यस्त होने की वजह से नहीं आ पाए एक अन्य सवाल के जवाब में जोगाराम पटेल ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को भी सर्वदलीय बैठक में बुलाने का रिवाज है अब गोविंद सिंह डोटासरा नहीं आए इसका जवाब डोटासरा ही दे सकते हैं एक अन्य सवाल के जवाब में जोगाराम पटेल ने कहा कि पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार की ओर से जितने भी बजट विधानसभा में प्रस्तुत किए गए सभी बजट ऐतिहासिक थे और हमने सभी बजट के वादे पूरे भी किए हैं आगामी बजट भी ऐतिहासिक होगा सभी को पसंद आएगा समावेशी होगा और स्पर्शी होगा।

**वही घोड़े.... और वही... मैदान- टीकाराम जूली**

विधानसभा में सर्व दलीय बैठक के बाद प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि हमने सर्वदा लिए बैठक में अपना पक्ष रखा है अपनी बातें अपनी डिमांड और अपनी मनसा बैठक में बताई है हम चाहते हैं सदन में जनता से जुड़े मुद्दों और विषयों को लेकर अच्छी बहस हो हम चाहते हैं विधायकों की ओर से पूछे गए सभी सवालों का सही तरीके से जवाब मिले हम चाहते हैं सरकार की ओर से जो बिल प्रस्तुत किए जाएंगे उन पर अच्छी बहस हो टीकाराम जूली ने यह भी कहा कि हमने कैमरे वाले विवाद को फिर से बैठक में उठाया है हम इस मुद्दे पर अटल हैं क्योंकि यह विधायकों की निजता से जुड़ा मामला है इसके अलावा स्पीकर वासुदेव देवनी की ओर से हाल ही में विधायकों के सवाल पूछने पर जो नई गाइडलाइन जारी की गई है उसके बारे में अपनी बात कही है जिस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने इस विषय को ऐच्छिक करार दिया है अनिवार्य नहीं बताया पत्रकारों से टीकाराम जूली ने कहा कि हमने बैठक में अपनी बात कह दी है और अगर हमारी बात को नहीं माना गया तो फिर वही घोड़े... और वही मैदान.... ह्व

**आज प्रतिपक्ष के सदस्यों की बैठक, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, डोटासरा और टीकाराम जूली भी रहेंगे मौजूद........**

आज शाम 7:00 बजे प्रतिपक्ष के सदस्यों की खाता कोठी क्षेत्र स्थित होटल में बैठक आयोजित की गई है इस बैठक में कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली मौजूद रहेंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट भी बैठक में मौजूद रह सकते हैं इसके अलावा अशोक गहलोत के भी मीटिंग में आने की चर्चा सुनने को मिली है आज की इस बैठक में विधानसभा के बजट सत्र में सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने की ठोस रणनीति तैयार की जाएगी इसके लिए पार्टी के टैलेंटेड और अनुभवी विधायकों को अलग-अलग मुद्दों और अलग-अलग विषयों से जुड़े मुद्दों को उठाने की जिम्मेदारी दी जा सकती है इसके अलावा इस बजट सत्र में प्रतिपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले विभिन्न मुद्दों को तथ्यात्मक तरीके से और प्रभावित पूर्ण तरीके से उठाने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी हालांकि वर्तमान में कई ज्वलंत मुद्दे कांग्रेस पार्टी उठाए हुए हैं कांग्रेस पार्टी पिछले कुछ महीनो से विभिन्न मुद्दों को लेकर सड़कों पर आंदोलन भी कर रही है मनरेगा,एसआईआर, वोट चोरी, स्पीकर की ओर से जारी की गई नई गाइडलाइन, पुराना कैमरा, विवाद, फसल नष्ट होने में किसानों को मुआवजे की मांग, कानून व्यवस्था किसान मजदूर युवा और महिलाओं से जुड़े मुद्दे इत्यादि कई विषयों को लेकर प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष को विधानसभा में कटघरे में खड़ा करने के लिए आज की बैठक में ठोस रणनीति तैयार कर सकता है जानकारी के अनुसार बजट सत्र में विपक्ष की ओर से इस बार कानून व्यवस्था को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है विपक्ष का कहना है कि अब तक भजनलाल सरकार में जितने भी विधानसभा के सत्र आयोजित हुए हैं उन सभी सत्र में कानून व्यवस्था को लेकर बहस नहीं की गई इसलिए विपक्ष इस बार कानून व्यवस्था पर विशेष चर्चा करने की मांग उठने के लिए पूरी तरह से तैयार नजर आ रहा है जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पास गृह विभाग है ।

CMYK

## शशिकला महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** इंडियन नेशनल कांग्रेस रिवॉल्यूशन टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्नू भाई पटेल के आदेश पर अलवर नगर निगम वार्ड 46 से निवर्तमान पार्षद, शहर उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अलवर एवं जिला महासचिव असंगठित कामगार कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ जिला अलवर, प्रचार मंत्री बेरवा विकास समिति जिला अलवर के पद पर कार्यरत शशिकला को (इंडियन नेशनल कांग्रेस रिवॉल्यूशन टीम) (राजस्थान प्रदेश की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष) नियुक्त किया है। इसके लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, भंवर जितेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव एवं असम प्रभारी, टीकाराम जूली प्रतिपक्ष नेता, साफिया जुबेर राष्ट्रीय सचिव महिला कांग्रेस, संजना जाटव सांसद एवं राष्ट्रीय सचिव, सत्यनारायण शर्मा संगठन प्रदेश प्रभारी, प्रकाश गंगावत जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अलवर, राम प्रकाश शर्मा एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियो का आभार जताया।



## 'मन्दिर श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मीनारायण भगवान का 75 वॉ स्थापना दिवस आज '

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर के द्वारा आयोजित हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्रीलक्ष्मीनारायण जी महाराज के मन्दिर का 75 वॉ स्थापना दिवस समारोह श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर प्रांगण श्री अग्रवाल भवन, श्री अग्रसेन मार्ग अलवर में बड़ें हर्षोल्लास के साथ दिनांक 28 जनवरी वार बुधवार को मनाया जाएगा। अग्रवाल महासभा मंत्री विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि 75 वॉ स्थापना दिवस होने की खुशी में सम्पूर्ण मन्दिर परिसर को विशेष फूलो व लाईट से भव्य सजाया गया है और इस स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए विशेष श्रीनाथ जी सेल्फी पाईन्ट को भी बनाया गया है जिससे आने वाले भक्तगण इस अवसर को ओर भी विशेष बना सके। इस दिन प्रातः 09:00 बजें भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी का दुग्ध अभिषेक व विशेष श्रृगांर किया जायेगा तथा 10:00 बजे हवन और दोपहर 12:00 बजे श्री लक्ष्मीनारायण जी की विशेष झांकी व आरती के बाद प्रसादी का आयोजन किया जावेगा। महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि मन्दिर श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मीनारायण भगवान स्थापना दिवस पर सभी भक्तगण उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करे।



## विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्रित देश में हम गौरान्वित हैं- सचिन गुप्ता

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** भरतपुर के जिला व सत्र न्यायाधीश विधिक सहायता सचिन गुप्ता ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक देश भारत के सभी भारतीय गौरान्वित हैं। जहां स्वतंत्रता का अधिकार सभी को समान मिला है। अलवर के मूल निवासी मुख्य अतिथि सचिन गुप्ता ने आदर्श विमंदित व मूक बधिर विद्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कहा कि हमारे देश का प्रत्येक नागरिक अपने आपमें अनोखा है जिसे यह अधिकार समान मिले हैं। इस आजादी को पाने में हमारे कितने पुर्वजों ने प्राण त्याग दिए तभी संविधान लागू हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गोपाल जायसवाल, पार्षद मिथलेश, रामबाबू ओझा, लता रानी, डा. निशा, ज्योति शर्मा, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, गुरप्रीत सिंह पवित्र, संगीता सिंह, ज्योति थे। इस अवसर पर संस्था प्रधान पायल प्रधान ने सभी का स्वागत किया। मंच संचालन रेखा महलावत ने किया।

## 74 बार रक्तदान व सामाजिक सेवाओं के लिए गिरीश गुप्ता जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर इंदिरा गांधी स्टेडियम, अलवर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कुल 24 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर की सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया, अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता को सरकारी कार्यक्रमों में सहयोग एवं सामाजिक सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जिला स्तरीय सम्मान से नवाज़ा गया। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत गिरीश गुप्ता ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद तथा डॉ. एस.सी. मित्तल एवं अलका मित्तल द्वारा मिले निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन को दिया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा के सचिव डॉ. रूप सिंह ने बताया कि गिरीश गुप्ता अत्यंत कर्मठ, जुझारू और स्वप्रेरित व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्हें जो भी दायित्व सौंपा जाता है, वे उसे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते हैं। कोरोना काल के दौरान तत्कालीन जिला कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह द्वारा उन्हें कोरोना फाइट टीम का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया था। उस समय वे मित्तल हॉस्पिटल में डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर के पद पर रहते हुए अस्पताल प्रबंधन संभालने के साथ-साथ प्रशासन द्वारा दी गई जिम्मेदारी भी पूरी निष्ठा से निभाते रहे।

# जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया

### विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 24 प्रतिभाओं एवं संस्थाओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में इन्दिरा गाँधी स्टेडियम में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में मंत्री शर्मा ने ध्वजा फहराकर मार्च पास्ट की सलामी ली तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाली 24 प्रतिभाओं एवं संस्थाओं को सम्मानित किया।

समारोह में पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री शर्मा ने 77 वें गणतंत्रा दिवस की जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए देश को गणतंत्र के रूप में सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था देने वाले संविधान निर्माताओं, क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को याद करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता पर आधारित संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा देश विकसित एवं आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमें देश एवं समाज के लिए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नारी सम्मान के लिए निरन्तर कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अलवर शहर को दोनों बजटों में विकास की विभिन्न सौगातें दी हैं।उन्होंने कहा कि शहर की पेयजल समस्या के समाधान हेतु सार्थक प्रयास किए गए हैं, जिनमें अलवर शहर को 189 नए ट्यूबवैल एवं 94 ट्यूबवैल को गहरा करने के लिए 21.90 करोड रूपये की राशि मिली है, जिसके कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर 156 करोड रूपये की लागत से सडकों का निर्माण कराजा जा रहा है, वहीं शहर के पार्कों को विकसित करने के लिए यूआईटी एवं नगर निगम के द्वारा 29.32 करोड रूपये के कार्य कराए गए। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए 7.5 करोड रूपये की लागत से सिंथेटिक ट्रेक, 8 करोड रूपये की लागत से हॉकी एस्ट्रॉट्रफ मैदान एवं जीडी कॉलेज में इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम के कार्य प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा अतुल्य भारत अभियान की तर्ज पर अतुल्य अलवर अभियान के माध्यम से शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने का कार्य किया जा रहा है।

समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीरांगनाओं का शॉल ओढाकर सम्मान किया गया तथा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम थीम पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश कुमार डागुर ने राज्यपाल महोदय के संदेश का पठन किया।

समारोह में अतिथियों ने मार्च पास्ट में प्रथम स्थान पर रहने वाले राजस्थान पुलिस पुरूष को रनिंग शील्ड प्रदान की। जबकि दूसरे स्थान पर एनसीसी सीनियर डिविजन गर्ल्स (जीडी कॉलेज) का दल रहा एवं तृतीय स्थान पर रहे राजस्थान पुलिस (महिला) को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की ओर से 13 झांकियों का प्रदर्शन किया गया। नगर निगम द्वारा अतुल्य अलवर थीम पर समग्र स्वच्छता का संदेश देती हुए झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रनिंग शील्ड, वन विभाग द्वारा पंच गौरव एवं हरियालो राजस्थान थीम पर आधारित झांकी को द्वितीय स्थान तथा समसा द्वारा सशक्त नारी, सुरक्षित भारत की थीम पर प्रस्तुत झाँकी को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रतीक स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। समारोह में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक व्यायाम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रथम स्थान पर रही केंद्रीय विद्यालय मोती डूंगरी एवं मैत्रेयी ग्रुप ने संयुक्त रूप से घूमर नृत्य प्रस्तुति दी, द्वितीय स्थान पर बीएल पब्लिक स्कूल ने देशभक्ति के गीतों पर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश शर्मा, प्रदीप पंचौली एवं रेणू मिश्रा ने किया।

समारोह में पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, एडीएम द्वितीय योगेश कुमार डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, जिला परिषद की सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एसडीएम अलवर माधव भारद्वाज, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवानी, आईपीएस कार्तिकेय वर्मा एवं जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, संजय नरूका, पं. जलेसिंह, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, लक्ष्मीनारायण गुप्ता सहित समस्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गृह राज्यमंत्री बेढम ने ग्राम टहटडा व दौरोली में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में की शिरकत



### धामिक एवं सामाजिक कार्यक्रम एकता, बंधुत्व व आपसी भाईचारे देते हैं मजबूती - गृह राज्यमंत्री बेढम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रैणी तहसील के ग्राम टहटडा में बालाजी बाबा के पावन धाम पर 51 फ़ीट विशाल ध्वजारोहण एवं भव्य ढ़ाचा दंगल समारोह तथा ग्राम दौरोली में आयोजित धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत की। गृह राज्यमंत्री बेढम ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता की जीवंत झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ना केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं, बल्कि सामाजिक समरस्ता, सांस्कृतिक गौरव और जन-जन के विश्वास का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजनों का स्नेह, अपनत्व और विश्वास ही मेरी जन सेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा है जनसेवा, जनसंवाद और जनकल्याण का यह क्रम निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश के विकास के साथ-साथ हमारी संस्कृति व विरासत का संरक्षण जरूरी है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास की दिशा में आगे बढकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार देश की संस्कृति को बढाने, युवाओं व किसानों की समृद्धि के लिए निरन्तर सकारात्मक भाव से काम कर रही है। इस दौरान सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें।

## राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा ने धूमधाम से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस समारोह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा, जयपुर द्वारा आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन समाजबंधुओं के सहयोग से गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में देशभक्ति की भावना, सामाजिक एकता एवं संस्कारों की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योगपति शंकरलाल हांडा ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मंच संचालन महासभा के महामंत्री उत्तमचंद चौधरी द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए समाज के भामाशाह शिवचरण हाड़ा, पूरण चन्द झिरीवाल, के.के. जायसवाल एवं हरिओम हाड़ा ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नन्हे बालक दिग्विजय मेवाड़ा द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविता ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर केदार जायसवाल, राकेश सेठी, जुगल किशोर जायसवाल, संजय जायसवाल (लवाण), ललित जायसवाल, के.एन. गुप्ता, अशोक गुप्ता, सीता झीरीवाल, मीनू गुप्ता, कंचन हाड़ा, रेखा जायसवाल, मंजु जायसवाल एवं विजय जायसवाल सहित अनेक समाजबंधुओं का उल्लेखनीय योगदान रहा।



विशेष रूप से समारोह के दौरान वरिष्ठजनों एवं भामाशाहों द्वारा बच्चों के साथ बैठकर अल्पाहार ग्रहण करना समाज में आपसी अपनत्व, संस्कार एवं एकता का प्रेरणादायक उदाहरण बना। समारोह के समापन पर महासभा के महामंत्री उत्तमचंद चौधरी ने सभी अतिथियों, वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही इस प्रकार के आयोजन समाज को मजबूती प्रदान करते हैं।

## ओशी फाउंडेशन ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया

### कपड़ा बैंक सत्र का समापन, 5000 जरूरतमंदों को मिला वस्त्र वितरण का लाभ

जयपुर टाइम्स

**भिवाड़ी/अलवर(निसं.)।** ओशी फाउंडेशन द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इसी अवसर पर संस्था द्वारा संचालित कपड़ा बैंक सत्र के समापन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जो इस वर्ष का अंतिम वितरण अभियान रहा। अब कपड़ा बैंक का अगला सत्र आगामी वर्ष आरंभ किया जाएगा। संस्था द्वारा इस सत्र में कुल 9 बार कपड़ा वितरण अभियान चलाए गए, जिनके अंतर्गत भिवाड़ी शहर की विभिन्न झुग्गी बस्तियों में करीब 5000 गर्म कपड़े जरूरतमंद परिवारों, बच्चों एवं बुजुर्गों को वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना रहा। गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ स्त्री शक्ति केंद्र में महिलाओं द्वारा मां भारती के पूजन के साथ किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में रितु अग्रवाल, अनुप्रिया शर्मा, रेखा शर्मा, संस्था के प्रधान विवेक शर्मा एवं गिरिराज गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी महिलाओं ने स्त्री शक्ति केंद्र को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात सेक्टर-3 स्थित ओपन एयर क्लास में बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया, जहां 180 बच्चों को नए स्कूल बैग, मिठाइयां, बिस्किट एवं जलपान वितरित किया गया। बच्चों द्वारा राष्ट्रगान, देशभक्ति गीत एवं कविताओं की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर विवेक शर्मा, गिरिराज गुप्ता, हंस दत्त शर्मा, शशिकांत शर्मा, अभिषेक दुबे, मनोज, प्रदीप, पंकज, शंकर सहित संस्था के अनेक सदस्य मौजूद रहे। बच्चों का उत्साह एवं सहभागिता सभी के लिए प्रेरणादायक रही।



## वैवाहिक कार्यक्रमों में रात्रि 12 बजे पश्चात कोई सुविधा नहीं मिलेगी - दीनदयाल सैनी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मत्स्य वैवाहिक हलवाई समिति (रजि.) अलवर के तत्वाधान में मीटिंग आयोजित की गइ। मीटिंग में विवाह स्थल संचालक समिति के पदाधिकारी, सिंहद्वार टैण्ट किराया व्यवसाय समिति, जिला अलवर केटरिंग व फोटोग्राफर समिति एवं मत्स्य चाट समिति आदि के पदाधिकारी के साथ सांझा विचार विमर्श किया गया। सभी समिति के पदाधिकारियों ने आपसी विचार-विमर्श किया कि हमारे व्यवसाय में जो वैवाहिक कार्यक्रम होते है उसमें बहुत समस्याये आ रही है जिसमें सबसे प्रमुख समस्या पूर्ण रात्रि वैवाहिक कार्यक्रम का चलना है। इसलिये इस समस्या के निदान के लिये सभी ने विचार-विमर्श किया। विचार-विमर्श करके सभी समितियों के पदाधिकारियों ने सर्वसहमति से फैसला लिया कि वैवाहिक कार्यक्रम में रात्रि 12:00 बजे के बाद किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं दी जायेगी। मीटिंग में मत्स्य वैवाहिक हलवाई समिति अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, सिंहद्वार टैण्ट किराया व्यवसाय समिति अध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव, महामंत्री दीपक अग्रवाल, विवाह स्थल संचालक समिति अलवर कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, राजस्थान टैन्ट डीलर व्यवसाय समिति संभागीय अध्यक्ष अतुल शर्मा, जिला कैटरिंग समिति अलवर अध्यक्ष रितेश सैनी एवं महामंत्री तोषीन चौधरी, मत्स्य चाट समिति अलवर अध्यक्ष मम्मन सैन, अलवर टैण्ट डीलर्स किराया व्यवसाय समिति महामंत्री दीपक अग्रवाल, फूड कैटरिंग एसोसिएशन सदस्य जितेन्द्र कुमार, विजय तन्दूर वाला, पंकज फूड कैटर्स, हजारी हलवाई, मदनलाल मीणा, लेखराम सैनी (भोलू हलवाई), रामप्रसाद सैनी, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस का 77वां समारोह जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया

### मुख्य अतिथि ने प्रातः 9:00 बजे किया ध्वजारोहण

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2026) का मुख्य समारोह सोमवार सुबह पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल खेल प्रांगण में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण किया गया।

मुख्य समारोह में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। मार्च पास्ट में आरएसी, राजस्थान पुलिस पुरूष, होमगार्ड, एनसीसी सीनियर छात्र-छात्रा, हिन्दुस्तान स्काउट गाइड, भारत स्काउट गाइड की टुकडियों ने भाग लिया।



### राज्यपाल के संदेश का पठन

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने महामहिम राज्यपाल महोदय का प्रदेशवासियों के नाम संदेश का पठन किया एवं सभी जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाए देते हुए लोकतंत्र की महत्ता बताई व विकास कार्यों की जानकारी दी।

### वीरांगनाओ और उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, विधायक दीपचंद खैरिया, पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार सहित उपस्थित अन्य अतिथि गणों ने शहीदों की वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए चयनित 24 खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर ने अपने उद्बोधन में 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ भारत एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य बना और यह दिन संविधान निर्माताओं के त्याग, तपस्या और दूरदृष्टि को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि देश आज विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अंतरिक्ष, विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

जिला कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने बताया कि खैरथल-तिजारा जिला सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है तथा जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और किसान कल्याण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन, अमृत 2.0, सोलर संयंत्र, नवीन कन्या महाविद्यालय, सड़क निर्माण, पशु चिकित्सालय उन्नयन सहित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी और युवाओं से शिक्षा, कौशल विकास व नवाचार के माध्यम से जिले के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
28 जनवरी, 2026

## यूजीसी की नई गाइडलाइन के समर्थन में राजस्था विश्वविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** यूजीसी की नई गाइडलाइन के समर्थन में मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर एक हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह अभियान दोपहर 1 बजे से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपना समर्थन दर्ज कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यूजीसी की नई गाइडलाइन के प्रति जागरूक करना तथा छात्रहित में इसके सकारात्मक प्रभावों को सामने लाना था। अभियान के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अमरदीप परिहार ने कहा कि यूजीसी की नई गाइडलाइन से उच्च शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समान अवसर को बढ़ावा मिलेगा। छात्र समुदाय इसे एक सकारात्मक और दूरदर्शी कदम के रूप में देख रहा है। डॉ रामसिंह सामोता ने सभी सहभागी छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी छात्रहित से जुड़े मुद्दों पर इसी तरह संगठित प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम में अमरदीप परिहार, डॉ रामसिंह सामोता, मनीष मेघवंशी समेत अनेक शोधार्थी मौजूद रहे


## जयपुर डिपो कार्यशाला में बस ने रोडवेज कर्मचारी को कुचला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान रोडवेज के जयपुर डिपो कार्यशाला में रोडवेज की बस रोडवेज के तकनीकी कर्मचारियों को कुचल डाला जिससे उसकी मौत हो गई मृतक रोडवेज कर्मचारी का नाम सलीम बताया जा रहा है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है घटनास्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत जुटाए जा रहे हैं तथा मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है इस हादसे के बाद जयपुर डिपो कार्यशाला से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में शोक की लहर छा गई है हादसा कैसे और किस तरह से हुआ तथा इस हादसे में किसकी गलती है अभी इस पर कुछ भी कहना मुश्किल है पुलिस का भी कहना है कि फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है लेकिन कितना जरूर है कि जिस तरह से रोडवेज डिपो की कार्यशाला में ही यह भीषण हादसा हुआ है वह कहीं ना कहीं यह दर्शाता है कि डिपो कार्यशाला में कार्य कर रहे कर्मचारी भी अपने ही डिपो में सुरक्षित नहीं रह गए हैं इसलिए इस पूरे मामले को रोडवेज प्रशासन से जुड़े बड़े अधिकारियों को काफी गंभीरता से लेना होगा इस तरह का हादसा दोबारा से ना हो इसके लिए रोडवेज प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा की कार्यकर्ता सुनवाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश मंत्री नारायण मीणा, प्रकोष्ठ प्रभारी विजेंद्र पूनियां और कार्यालय सचिव मुकेश पारीक ने कार्यकर्ता सुनवाई की। कार्यकर्ता सुनवाई के उपरांत मीडिया को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश कार्यालय में नियमित रूप से कार्यकर्ता सुनवाई का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ताकि कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आयोजित कार्यकर्ता सुनवाई में लगभग 35 से 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनके निस्तारण हेतु आवश्यक कदम उठाए गए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं के कार्यों को तीव्र गति और पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरा करना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि कार्यकर्ता सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग के साथ-साथ शिक्षा, पंचायती राज एवं अन्य विभागों से जुड़े प्रकरण भी सामने आए हैं। संबंधित विभागों के मामलों को उनके विभागीय मंत्रियों के पास भेजकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्री मीणा ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में बताया कि भाजपा सरकार ने पिछले दो वर्षों में प्रदेश में अनेक विकास कार्य किए हैं और इन्हीं कार्यों के आधार पर भाजपा सरकार विधानसभा में विपक्ष के प्रश्नों का मजबूती से जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के पिछले पांच वर्षों के दौरान किए गए कृत्यों को भी जनता के सामने उजागर किया जाएगा, साथ ही भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और उपलब्धियों को सदन और प्रदेश की जनता के समक्ष रखा जाएगा।

## जयपुर में चांदी 12500 और सोना 2700 रुपए और महंगा हुआ, चांदी 354000 प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में चांदी के भाव आसमान छू रहे हैं रोजाना पिछले कई दिनों से चांदी के दामों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है जिसकी वजह से जयपुर सराफा बाजार से जुड़े कारोबारी अपने कारोबार को लेकर ज्यादा खुश नहीं है और कहते हैं कि उनका कारोबार सोना और चांदी के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी की वजह से प्रभावित हो रहा है लोग अपने पूर्व के बजट के अनुसार ही सोना और चांदी खरीद रहे हैं और ज्यादा जरूरतमंद लोग ही सोना और चांदी खरीद रहे हैं इसलिए इन बढ़ते दामों की वजह से कारोबारी काफी परेशान हैं मंगलवार को भी चांदी के दामों में चांदी के दामों में 12500 और सोने के दामों में 2700 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई जयपुर के सराफा बाजार में चांदी 354000 प्रति किलो में बिकी और शुद्ध सोना 164 000 प्रति 10 ग्राम तथा जेवराती सोना 153300 रुपए प्रति 10 ग्राम के हिसाब से निर्धारित था जयपुर सराफा बाजार से जुड़े सोने और चांदी के कारोबारी लोगों का कहना है कि फिलहाल चांदी के दाम में कमी होने के कोई संभावना नजर नहीं आ रही है सोने और चांदी को लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तथा भारत से सोने चांदी का कारोबार करने वाले देशों को लेकर जो स्थिति बनी हुई है उसे देखते भी अभी चांदी के भाव और बढ़ेंगे जानकार लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग शुरू से ही सोने की तुलना में चांदी की ज्यादा खरीद किया करते थे आभूषण तैयार करने में भी ग्रामीण लोग चांदी का ही ज्यादा उपयोग किया करते थे लेकिन अब जिस तरह से पिछले कुछ महीनो से चांदी के भाव आसमान छू रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का जयपुर सराफा बाजार में आना बहुत कम हो गया है वे ही लोग चांदी के आभूषण तैयार करवाने के लिए आ रहे हैं जिनके पास में पुरानी चांदी है और जिनके घरों में शादियां हैं इसलिए ऐसे लोग ही मजबूरी में मार्केट में चांदी के आभूषण तैयार करवाने के लिए आ रहे हैं अन्यथा पहले जिस तरह से गरीब लोग ही नहीं बल्कि अमीर लोग भी विभिन्न तरह के खुशी के मौके में चांदी के सिक्के और अन्य चीज गिफ्ट में दिया करते थे वह अब चांदी के सिक्के नहीं खरीद रहे क्योंकि पहले एक चांदी का सिक्का जो सिर्फ 80 और 100 रुपए के आसपास आता था वही सिक्का अब 700 से 800 रुपए का हो गया है इसलिए लोग अब गिफ्ट में चांदी के आइटम देना भी करीब करीब बंद कर चुके हैं इसलिए जब तक चांदी के भाव में कमी नहीं आएगी

# धर्म के नाम पर सत्ता में आए लोग शंकराचार्य से ही सर्टिफिकेट मांग रहे : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने बड़ी चौपड़ पर गणतंत्र दिवस पर झंडा रोहण किया इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के विधायक और सचेतक रफीक खान अमीन कागजी सहित सामाजिक संगठनों व्यापारिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा आमजन मौजूद रहे द्य इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आज देश की सरकार जब से सत्ता में आई है तब से संविधान को कमजोर किया जा रहा है संविधान और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है तथा विभिन्न केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग किया जा रहा है केंद्र में मोदी सरकार तानाशाह रवैया अपनी हुई है तो राजस्थान में बंगाल सरकार दिल्ली से आई पर्ची के आधार पर कार्य कर रही है राजस्थान की जनता को भगवान के भरोसे छोड़ दिया गया है जूली ने कहा कि चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रेशर में ले लिया गया है और चुनाव आयोग दबाव में काम कर रहा है उन्होंने कहा की एसआईआर में राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में संयोजित षड्यंत्र के तहत लोगों के नाम काटे और जोड़े जा रहे हैं कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम राजस्थान में हर विधानसभा सीट से बड़ी संख्या में हटाए गए हैं द्य उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर सत्ता में आए लोग आज जगतगुरु शंकराचार्य से ही उनकी पीठ का सर्टिफिकेट मांग रहे हैं यह सब देश की जनता देख रही है उन्होंने कहा कि जिन लोगों को पूजा करनी चाहिए वे आज राजनीति कर रहे हैं और जिन्हें राजनीति करनी चाहिए वे पूजा कर रहे हैं देश और देश की राजनीति किधर जा रही है यह किसी को पता नहीं है क्योंकि चुनाव आयोग की ओर से जो कार्य शैली और व्यवहार किया जा रहा है उसे देखते ही ऐसा लगता है कि अब भविष्य में जल्दी ही चुनाव करवाने ही बंद कर दिए जाएंगे लेकिन कांग्रेस पार्टी ने आजादी से पहले और आजादी के बाद हमेशा मानवता धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया है कांग्रेस के नेताओं ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है इसलिए भाजपा के गलत मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा टीकाराम जूली ने कहा कि रुपए की हालत दिनों दिन कमजोर होती जा रही है लेकिन केंद्र की मोदी सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है जिसकी वजह से भारत के अर्थव्यवस्था पर आने वाले दिनों में और भी खराब हो सकती है उन्होंने कहा कि रुपए की कीमतों में लगातार हो रही कमी से निश्चित रूप से यह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया है उन्होंने कहा कि हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा करने वाले लोग आज क्या कर रहे हैं आज युवा किसान मजदूर महिला सब परेशान है और अपने साथ किए गए धोखे को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर आकर्षित हैं और किसानों की आय दुगनी करने वाले लोग इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं किसान सुसाइड कर रहा है प्रदेश और देश के किसानों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा के लोग जिस पेड़ की डाली पर बैठे हैं उसे ही काटने का काम कर रहे हैं

## आरोग्यम कैफे एवं नवनिर्मित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय का किया उद्घाटन

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे पर 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह गणपति नगर रेलवे कॉलोनी, जयपुर स्थित क्रिकेट ग्राउंड में पूर्ण हर्षोल्लास एवं राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अमिताभ, महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सलामी ली। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार समारोह में राष्ट्रगान के पश्चात महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल तथा स्काउट व गाइड की परेड का निरीक्षण किया तथा रेलकर्मियों के नाम संदेश पढ़ा। संदेश में श्री अमिताभ ने उत्तर पश्चिम रेलवे ने इस वर्ष में अर्जित की उपलब्धियों तथा कार्यों की जानकारी प्रदान की तथा रेलकर्मियों को उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिये शुभकामनाएं दी। समारोह में एकता के प्रतीक बैलून भी छोड़े गये। समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा डॉग शो, साइलेन्ट ड्रिल व बाईक शो किया गया। समारोह के सफल आयोजन के लिए महाप्रबंधक महोदय द्वारा स्वीकृत किये गये पुरस्कारों की घोषणा की गई। समारोह के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों एवं मुख्यालय के कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारी गण, मान्यताप्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधिगण एवं महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के पश्चात महाप्रबंधक अमिताभ द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय, जयपुर में 'आरोग्यम cafe एवं नवनिर्मित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। इस कार्यक्रम में अंजू,अध्यक्षा-उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन, मंडल रेल प्रबंधक, जयपुर रवि जैन,मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉक्टर कृष्ण कुमार, चिकित्सा निदेशक डॉक्टर ए वासुदेवन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय कुमार साहा भी उपस्थित रहे। आरोग्यम कैफे एक आधुनिक खान-पान केंद्र है जो स्वास्थ्य और स्वाद के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से कार्य करता है। इसके अतिरिक्त गणपति नगर स्थित अरावली क्लब में इटरनल हॉस्पिटल के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

## राजस्थान लोक सेवा आयोग और विभिन्न भारती बोर्ड को विभिन्न भर्ती बोर्ड को पूरी तरह से भंग किया जाए : हरीश चौधरी

### बाड़मेर के महावीर पार्क में हजारों युवाओं ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी और पूर्व मंत्री हरीश चौधरी ने मंगलवार को बाड़मेर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जोर देकर कहा कि प्रदेश में बेरोजगार युवाओं के साथ पेपर लीक, ओएमआर सीट में गड़बड़ झाला जैसे तथ्य सामने आए हैं उसके बाद निश्चित रूप से प्रदेश की युवाओं के साथ पिछली सरकार में भी धोखा हुआ और अब 2 साल से प्रदेश की भजनलाल सरकार में भी सिर्फ धोखा ही हो रहा है इसलिए राजस्थान लोकसभा आयोग और विभिन्न भर्ती बोर्ड संस्थाओं को पूरी तरह से भंग किया जाए और दोबारा से इनमें सदस्यों और अध्यक्षों की इमानदारी से ईमानदार अनुभवी लोगों को नियुक्त किया जाए उन्होंने कहा कि राजस्थान के युवाओं में इसी बात को लेकर अब भी आक्रोश छाया है कि पिछली सरकार के दौरान भी उन्हें शारीरिक और मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी और अब भी 2 साल से उन्हें सिर्फ धोखा ही मिल रहा है इसलिए राजस्थान लोक सेवा आयोग और विभिन्न सरकारी भर्ती बोर्ड में कई सालों से जो लोग महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए हैं यह लोग पिछली सरकार के समय से ही अब भी बैठे हुए हैं उन्हें तुरंत प्रभाव से हटाया जाना चाहिए और यह तभी हो सकता है जब राजस्थान लोकसभा आयोग और विभिन्न भर्ती बोर्ड को पूरी तरह से भंग किया जाए हरीश चौधरी मंगलवार को बाड़मेर में महावीर पार्क में आयोजित युवाओं की एक बड़ी सभा में शामिल होने के लिए आए थे इस दौरान ही उन्होंने पत्रकारों से काफी देर तक बातचीत की महावीर पार्क में बड़ी संख्या में आए युवाओं का कहना था कि पिछली सरकार में भी पेपर लीक, ओएमआर शीट गड़बड़ झाला जैसी अनेक घटना हुई जिसकी वजह से युवाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा युवा शारीरिक और मानसिक रूप से काफी परेशान रहे और नौकरी नहीं लग पाई और अब भी सरकार बदलने के बाद भी पिछले 2 साल में राजस्थान के युवाओं को राहत नहीं मिली है क्योंकि जो गड़बड़ियां पिछली सरकार में बनी हुई थी वह गड़बड़ियां अब भी बनी हुई है कई तरह की गड़बड़ियां सामने आ रही है ओएमआर सीट में जो गड़बड़ियां सामने आई हैं उससे युवाओं का राजस्थान लोक सेवा आयोग और सभी सरकारी भर्ती संस्थाओं से विश्वास उठ चुका है इसलिए युवाओं को तब ही न्याय मिलेगा जब राजस्थान लोक सेवा आयोग और विभिन्न भारती बोर्ड में पिछले कई सालों से महत्वपूर्ण पदों पर बैठे पदाधिकारी को हटाया जाए और यह तभी संभव है जब राजस्थान लोक सेवा आयोग और विभिन्न भरती बोर्ड को भंग कर दिया जाए इसी बात को लेकर युवाओं में आक्रोश है और इसी बात को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है अगर सरकार ने उनकी बात नहीं मानी तो फिर युवा अपने इस आंदोलन को और तेज करेगा द्य कांग्रेस के विधायक और मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए थे जिसमें राजस्थान लोक सेवा आयोग और विभिन्न भरती बोर्ड को भंग करने का भी वादा किया था लेकिन 2 साल हो गए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपना यह वादा पूरा नहीं किया है जो प्रदेश की जनता और युवाओं के साथ सालासर धोखा है

## बैंकों में पांच वर्किंग डे की डिमांड, करीब 8000 बैंक प्रदेश में रहे बंद, कारोबार प्रभावित

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियन के तत्वाधान में बैंकों में पांच वर्किंग डे सुनिश्चित करने की मांग को लेकर मंगलवार को देशव्यापी हड़ताल के तहत राजस्थान में करीब 8000 विभिन्न बैंकों की शाखाएं पूरी तरह से बंद रही राजस्थान में करीब एक दर्जन राष्ट्रीयकृत बैंक है जिनकी पूरे प्रदेश में 7 से 8000 शाखाएं हैं जो मंगलवार को पूरी तरह से बंद रही जिसकी वजह से करोड़ों रुपए का लेनदेन प्रभावित हुआ बैंक कर्मचारियों ने पूरे प्रदेश भर में प्रदर्शन धरना सभाएं इत्यादि आयोजित करके अपनी मांग पूरा करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार से आग्रह किया है हड़ताली बैंक कर्मचारियों का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक भारतीय जीवन बीमा निगम और सभी सरकारी दफ्तरों में जब 5 दिन का वर्किंग डे है तो फिर बैंकों में भी 5 दिन का वर्किंग डे किया जाए बैंक कर्मचारियों की यूनियन का यह भी कहना है कि 5 दिन के वर्किंग डे में लोगों को बिल्कुल भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी क्योंकि बैंक शाखों में रोजाना 40 मिनट तक अतिरिक्त काम सुनिश्चित करेंगे जिसकी वजह से लोगों को किसी भी तरह की सुविधा नहीं होगी जानकारी के अनुसार बैंक कर्मचारियों ने अपनी मांग को वाजिद बताया बैंक कर्मचारियों ने उचित ठहराया है और कहा है कि केंद्र सरकार को उनकी इस मांग पर गंभीरता से विचार करना चाहिए पूर्व में सरकार ने उनकी इस मांग पर सकारात्मक रवैया अपनाया था लेकिन अब तक इस पर सरकार ने निर्णय नहीं लिया है इसलिए सरकार को जल्दी से जल्दी इस पर निर्णय लेना चाहिए ताकि बैंक कर्मचारियों को भी राहत मिल सके उन्होंने कहा कि बैंक कर्मचारी यूनियन रोजाना बैंक के खुलने और बंद करने के समय में बदलाव करने के लिए तैयार है जानकारी के अनुसार बैंक कर्मचारियों की इस डिमांड पर केंद्र सरकार के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक की सहमति भी जरूरी है अब देखना यह है कि यह हड़ताल कितनी सार्थक साबित होती है और बैंक कर्मचारियों की इस मांग को लेकर सरकार आगे क्या कदम उठाती है द्य जानकारी के अनुसार पिछली 22 और 23 जनवरी को सरकार और बैंक यूनियन के बीच आपस में समझौता बातचीत हुई थी लेकिन बातचीत का कोई सार्थक नतीजा नहीं निकला था इसलिए 24 जनवरी को शनिवार होने की वजह से बैंक बंद थे 25 जनवरी को रविवार था और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर बैंक बंद रहा इस तरह से 24, 25 और 26 जनवरी को बैंक बंद रहे और फिर 27 जनवरी को बैंकों की इस राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल से लोगों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ा क्योंकि लगातार चार दिन तक बैंक बंद रहने से व्यापार जगत के लोगों को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है

## बूंदी में युवक की हत्या के बाद जयपुर कोटा बूंदी राजमार्ग जाम, वाहनों की लंबी कतार लगी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के बूंदी शहर में पैसों के लेनदेन को लेकर एक युवक की हत्या कर दी गई हत्या के बाद लोगों में गुस्सा छा गया जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग नेशनल हाईवे 52 पर एकत्रित हो गए और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने लगे जिसकी वजह से काफी देर तक जयपुर कोटा बूंदी राजमार्ग अवरुद्ध रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई हालांकि पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा परिजनों में एक को सरकारी नौकरी जैसी कई मांगे प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष रखी प्रदर्शनकारियों और प्रशासन के बीच खबर लिखे जाने तक समझौता नहीं हो पाया था जानकारी के अनुसार पैसों के लेनदेन को लेकर मुकेश सैनी नाम के युवक की हत्या की गई है मृतक के परिजनों ने इस मामले में आरोपी लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है तथा परिजनों ने आरोपी लोगों के लिए फांसी की मांग की है हालांकि पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है और आरोपी लोगों की तलाश में कई जगहों पर पुलिस की टीम भेजी गई है पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि बहुत जल्दी ही आरोपी लोगों को पकड़ लिया जाएगा लेकिन प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि मृतक के परिजनों में से किस एक को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की जाए क्योंकि मृतक का परिवार अब पूरी तरह से बेघर हो गया है इसलिए परिवार के लालन-पालन के लिए सरकार को सहायता देनी ही होगी

## एनडीपीएस के मामले में 2 आरोपियों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** करीब 6 वर्ष पुराने एनडीपीएस के एक मामले में डीजे कोर्ट धौलपुर ने दो आरोपियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 1-1 लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। मामला 15 मार्च 2020 का है, जहां कोतवाली थाना पुलिस धौलपुर ने एक ट्रक में से 1560 किलोग्राम गांजा पकड़ा था। जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर के लोक अभियोजक शैलेंद्र सिंह मथुरिया ने बताया कि 15 मार्च 2020 को धौलपुर कोतवाली थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अवैध गांजे से भरा एक ट्रक मुरैना मध्यप्रदेश की तरफ से आ रहा है, जो आगरा उत्तर प्रदेश की ओर जाएगा। इस सूचना पर पुलिस ने सागर पाड़ा चौकी पर नाकाबंदी की और ट्रक को रुकवा कर चैक किया गया। जिसमें 50 कट्टों में 300 बंडलों में कुल 1560 किलोग्राम अवैध गांजा पाया गया। जहां मौके से 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की। इसी प्रकरण में जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर के न्यायाधीश संजीव मांगो ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोनों आरोपियों आमिर खान पुत्र साबिर खान निवासी गुलावटी मिठेपुर थाना गुलावटी जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश और मेहराज पुत्र आले अली उर्फ आले हसन निवासी जोया डिडोली थाना डिडोली जिला अमरोहा उत्तर प्रदेश को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।

## कहानी

### अक्कलकोट के श्री स्वामी समर्थ

दत्त संप्रदाय में श्रीपाद श्रीवल्लभ यह पहले अवतार है और नृसिंह सरस्वती दूसरे अवतार माने जाते हैं । अक्कलकोट के श्री स्वामी समर्थ ही नृसिंह सरस्वती हैं अर्थात दत्तावतार हैं ।

स्वामी समर्थ ने अपने भक्तों को सुरक्षा का वचन दिया है । वह कहते थे, 'डरो नहीं, मैं तुम्हारे साथ हूं ।' उनका यह वचन प्रसिद्ध है । आप सभी ने यह सुना ही होगा ।

उनके इस वचन की अनुभूती उनके भक्त आज भी लेते है ।

नृसिंह सरस्वती जो भगवान श्री दत्त के दूसरे अवतार हैं, वे श्री शैल्य यात्रा के कारण कर्दली वन में अदृश्य हो गए थे । इसी कर्दली वन में वे तीनसौ वर्ष प्रगाढ समाधि अवस्था में थे । उसके पश्चात अपनी शक्ती से वे प्रथम काशी मे, फिर कोलकाता मे, फिर गंगा नदी का तट, गोदावरी नदी का तट आदी स्थानों पर प्रकट हुए थे ।

इ.स. 1856 (अठ्ठारहसौ छिहपन्न) में वे अक्कलकोट में खंडोबा के मंदिर में प्रकट हुए ।

'जो मेरा अनन्य भाव से चिंतन, मनन करेगा, अनन्य भाव के चिंतन की उपासना और सेवा मुझे अर्पण करेगा वह नित्य उपासना करनेवाला मेरा प्रिय भक्त है । उसका मैं सब प्रकार से योगक्षेम चलाऊंगा,' ऐसा आश्वासन उन्होंने भक्तों को दिया ।

एक बार एक प्रसंग घटित हुआ । उस वक्त अक्कलकोट यह एक संस्थान था । तात्या भोसले नामक गृहस्थ उस संस्थान के मानकरी थे । वे आध्यात्मिक वृत्ती के थे ।

एक पल ऐसी सथिती आ गई की उनका मन संस्थान से, संसार अर्थात व्यवहार से ऊब गया । तब वे स्वामी समर्थ के चरणों में शरण आए और स्वामी के पास रहकर भक्तिभाव से उनकी सेवा करने लगे ।

एक दिन स्वामी समर्थजी ने तात्या भोसलेजी से कहा, 'तुम्हारे नामकी चिट्ठी आई है ।' तात्या भोसले का मन व्यवहार में नही लगता था और उन्हे केवल स्वामीजी की सेवा ही करनी थी, इसलिए उन्होंने स्वामी समर्थ से प्रार्थना की, 'मुझे आपकी और सेवा करनी है ! मुझे आपके पास ही रहना है।'

स्वामीजी ने चिट्ठी लानेवाले दूत की ओर देखा । साथ ही तात्या भोसले ने भी देखा । वह यमदूत था । 'यमदूत मुझे लेने आया है, यह सोचकर तात्या भोसले डर गए ।' परंतु स्वामी समर्थ अपने भक्त की सेवा की तडप जानते थे । इसलिए उन्होंने यमदूत से कहा, 'यह मेरा भक्त है । इसे स्पर्श मत करना । उस ओर बैठे बैल को ले जाओ !' और देखते ही देखते उस बैल के प्राण चले गए तथा वह भूमि पर गिर गया । यमदूत उसे लेकर चला गया ।

स्वामी समर्थ अपने भक्तों के कल्याण हेतु सदैव जागृत रहकर भयंकर संकटों से उन्हें मुक्त कराते हैं ।

स्वामी समर्थ ने नेत्रहीन कृष्णभक्त सूरदास को श्रीकृष्णजी का दर्शन भी कराया था ।

द्वारकापुरी में रहनेवाले महान कृष्णभक्त सूरदास जन्म से अंधे थे । सगुण साकार श्रीकृष्ण का दर्शन करने की उनकी बडी इच्छा थी ।

एक बार स्वामी समर्थ सूरदास के आश्रम में अचानक जाकर खडे हो गए । दरवाजे से ही उन्होंने सूरदास को आवाज दी और कहा, 'तुम जिसके नाम से आवाज दे रहे हो, देखो वह मैं तुम्हारे दरवाजे पर खडा हूं । सूरदास, जरा देखो ।'

श्रीकृष्णजी आये है, ऐसे सोचकर नेत्रहीन सूरदास दौडकर दरवाजे पर पहुंचे । वहां स्वामी समर्थ ने उनके दोनों नेत्रों को अपने हाथों से स्पर्श किया । तभी सूरदास को दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई । उन्हें शंख, चक्र, गदा धारण किए हुए भगवान श्रीकृष्ण का सगुण रूप दिखने लगा । श्रीकृष्ण के इस रूप को देखकर सूरदास गदगद हो गए ।

थोडी देर के पश्चात चेतना वापस आने पर अर्थात ध्यान अवस्था से बाहर आनेपर स्वामी समर्थजी ने सूरदास को अपने वास्तविक रूप का दर्शन कराया । सूरदास भावविभोर हो गए ।

# लोकतांत्रिक एवं गणतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर

*संविधान में उल्लिखित नीति निदेशक तत्वों के अंतर्गत राज्य पर श्रमिकों के लिए मानवीय और न्यायपूर्ण परिस्थितियां सुनिश्चित करने का दायित्व है। इसी दिशा में केंद्र सरकार ने हाल में ही 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में पिरोया है। यह श्रमिकों के लिए बेहतर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। संविधान राज्य को निर्देश देता है कि वह आर्थिक असमानताओं को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। इस उद्देश्य की पूर्ति तभी संभव है, जब समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा और रोजगार के समान अवसर उपलब्ध हों। पिछले कुछ वर्षों में लिए गए कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों के चलते आज अवसरों की यह समानता हर स्तर पर बढ़ी है। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण स्टार्टअप इंडिया जैसी पहल है, जिसके हाल ही में दस वर्ष पूरे हुए हैं। इसके अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले नीतिगत सहयोग, आर्थिक मदद और मेंटरशिप के माध्यम से आज किसी भी व्यक्ति के लिए कोई उद्योग शुरू करना बहुत सुगम हुआ है। आर्थिक प्रगति तभी समावेशी बनती है, जब अवसरों की समानता हो। यह आय असमानता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पिछले 12 वर्षों में सभी आर्थिक नीतियां इसी विचार से प्रेरित रही हैं। इसी का परिणाम है कि आज भारत की आर्थिक प्रगति का लाभ प्रत्येक नागरिक तक समान रूप से पहुंच रहा है। विश्व बैंक के 'स्प्रिंग 2025 पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' के अनुसार भारत ने पिछले दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की रेखा से बाहर निकाला है।*



देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 16 मई, 1952 को पहली लोकसभा को संबोधित करते हुए संसद सदस्यों को उनके लोकतांत्रिक दायित्वों की गंभीरता का स्मरण कराया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि संविधान लागू होते ही राष्ट्रपति के निर्वाचन और पहले आम चुनाव के साथ स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का प्रथम चरण पूरा हो चुका है और देश अब ऐसे दूसरे चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसमें कोई विराम नहीं होगा।

वस्तुतः, संविधान और लोकतंत्र की पूरी व्यवस्था के केंद्र में 'हम भारत के लोग' हैं और उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान का ही ध्येय है। यह ध्येय सदैव भारत की राजनीतिक चेतना का अभिन्न अंग रहा है। प्राचीन भारत में 'योग-क्षेम' का सिद्धांत व्यक्ति के कल्याण और सुरक्षा से जुड़ा हुआ था। महात्मा गांधी के सर्वोदय के विचार के केंद्र में भी सभी का उत्थान है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' के सिद्धांत भी व्यक्ति के संपूर्ण विकास और वंचित वर्गों के उत्थान पर केंद्रित हैं। विकास के केंद्र में नागरिकों को रखने की यह परंपरा वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति 'सबका साथ, सबका विकास' में भी निहित है। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनता केंद्रित शासन व्यवस्था का यह सोच सरकार की नीतियों और कार्यों में स्पष्ट दिखता है। इससे संवैधानिक उद्देश्यों की पूर्ति को गति और शक्ति मिली है।

संविधान में उल्लिखित नीति निदेशक तत्वों के अंतर्गत राज्य पर श्रमिकों के लिए मानवीय और न्यायपूर्ण परिस्थितियां सुनिश्चित करने का दायित्व है। इसी दिशा में केंद्र सरकार ने हाल में ही 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में पिरोया है। यह श्रमिकों के लिए बेहतर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। संविधान राज्य को निर्देश देता है कि वह आर्थिक असमानताओं को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे।

इस उद्देश्य की पूर्ति तभी संभव है, जब समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा और रोजगार के समान अवसर उपलब्ध हों। पिछले कुछ वर्षों में लिए गए कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों के चलते आज अवसरों की यह समानता हर स्तर पर बढ़ी है। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण स्टार्टअप इंडिया जैसी पहल है, जिसके हाल ही में दस वर्ष पूरे हुए हैं। इसके अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले नीतिगत सहयोग, आर्थिक मदद और मेंटरशिप के माध्यम से आज किसी भी व्यक्ति के लिए कोई उद्योग शुरू करना बहुत सुगम हुआ है।

आर्थिक प्रगति तभी समावेशी बनती है, जब अवसरों की समानता हो। यह आय असमानता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पिछले 12 वर्षों में सभी आर्थिक नीतियां इसी विचार से प्रेरित रही हैं। इसी का परिणाम है कि आज भारत की आर्थिक प्रगति का लाभ प्रत्येक नागरिक तक समान रूप से पहुंच रहा है। विश्व बैंक के 'स्प्रिंग 2025 पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' के अनुसार भारत ने पिछले दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की रेखा से बाहर निकाला है। सामाजिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भी आरक्षण का लाभ दिया गया है।

केंद्र सरकार ने समावेशी विकास के साथ-साथ लोगों के लिए गरिमापूर्ण जीवन और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने पर भी निरंतर ध्यान केंद्रित किया है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 और मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 जैसे कानूनों के माध्यम से सामाजिक न्याय को और मजबूती मिली है। गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की इसी भावना का एक अच्छा उदाहरण स्वच्छ भारत मिशन भी है। जनकल्याण की यही भावना प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' और 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' जैसी पहलों में भी साफ दिखती है। अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

जब प्रधानमंत्री मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान किया था, तो वह केवल अर्थव्यवस्था के स्तर तक ही सीमित नहीं था, बल्कि नागरिकों के भीतर आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ाने का भी प्रयास था। इसलिए मुद्रा योजना और स्किल इंडिया मिशन जैसी पहलों के माध्यम से नागरिकों को स्वावलंबी और उद्यमशील बनाने पर बल दिया गया है। इन योजनाओं के केंद्र में आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है, जो आत्मनिर्भर भारत का आधार भी बन रहे हैं।

इसी क्रम में आयुष्मान भारत योजना एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बहुत लाभ हुआ है, जो संसाधनों के अभाव में अच्छी स्वास्थ्य सेवा से वंचित थे। इसी तरह जन-धन योजना ने बड़ी संख्या में नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान किया गया है। इस अधिनियम में लोकतंत्र के तीनों सिद्धांत सशक्त अभिव्यक्ति पाते हैं, क्योंकि विधायी संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ने से संप्रभुता का सामाजिक आधार तो बढ़ेगा ही और नीति-निर्माण भी ज्यादा समावेशी होगा।

## सम्पादकीय


### हिमालय में बर्फबारी की देरी ने डराया



आमतौर पर तापमान में थोड़े उतार-चढ़ाव को मौसम के लिहाज से एक सामान्य स्थिति माना जाता है, लेकिन इस वर्ष हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी में जिस तरह की देरी देखी गई, उस पर स्वाभाविक ही पर्यावरणविदों का ध्यान गया है। हालांकि अब पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश हुई है और इसकी वजह से देश के मैदानी क्षेत्रों में भी तापमान में गिरावट की संभावना जताई गई है। मगर इस वर्ष पहाड़ी राज्यों में जिस तरह मौसम के मिजाज में बदलाव देखा गया, बर्फबारी की सामान्य अवधि में देरी हुई, उसका सीधा संकेत यही था कि अब जलवायु परिवर्तन का असर प्रत्यक्ष रूप में सामने आने लगा है। दरअसल, लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में वर्ष का पहला हिमपात हुआ। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला और कश्मीर में भी उम्मीद के मुकाबले करीब दो महीनों की देरी के बाद पहली बर्फबारी हुई। इसकी वजह से कड़ाके की ठंड अपने ज्यादा असर के साथ वापस लौट आई। हिमालयी प्रदेशों में आमतौर पर नवंबर-दिसंबर में इस तरह के मौसम की संभावना होती है। इसे एक सामान्य चक्र माना जाता है, जिसके असर से दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ती है। मगर इस बार अब जाकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में बर्फबारी हुई है और इसके मद्देनजर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है। जाहिर है, इन क्षेत्रों में एक बार फिर कुछ दिनों के लिए कड़ाके की ठंड लौट सकती है और इसी के मुताबिक लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत पड़ेगी। मौसम की अपनी गति होती है और कई कारणों से उसकी अवधि आगे-पीछे हो सकती है। अगर इसके पीछे वजहें प्राकृतिक हों, तो यह ज्यादा चिंता की बात नहीं होती। मगर इससे इतर इस बार जिस तरह हिमालय के बड़े इलाके में बर्फबारी में दर्ज करने वाली गिरावट या कमी देखी गई, उससे साफ है कि वैश्विक ताप के नतीजे अब अपने व्यापक रूप में सामने आने लगे हैं। ऐसे अनेक आकलन आ चुके हैं, जिनके मुताबिक सदियों से भारत के जलवायु चक्र का आधार माने जाने वाला हिमालय आज एक चिंताजनक संकट से गुजर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हिमालय क्षेत्र में सर्दी के मौसम में भी औसत से काफी कम बर्फबारी हो रही है। खासतौर पर जिस मौसम में पहाड़ों को बर्फ से आच्छादित देखा जाता था, उस दौरान भी अब असामान्य रूप से बर्फबारी में देरी हो रही है। यह गौरतलब है कि हिमालय के दायरे में पड़ने वाले क्षेत्रों में कई नदियों का उद्गम स्थल है और इस तरह पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों के बड़े हिस्से में खेती और लोगों की जीविका इन पर निर्भर रही है। मगर मानसून और जैव-विविधता का आधार रहा यह इलाका अब कड़ाके की ठंड में भी बिना बर्फ के सूखा रहने लगा है, जिसका असर पारिस्थितिकी पर पड़ना तय है। अब इसे मौसम में किसी सामान्य उतार-चढ़ाव के बजाय जलवायु परिवर्तन के नतीजे के तौर पर देखा जाने लगा है।

# अपनी संस्कृति से जुड़ते युवा

*हाल के वर्षों में धार्मिक यात्राओं और भारत के तीर्थों पर पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों में देश के युवा वर्ग की भागीदारी बड़ी मात्रा में देखी जा सकती है। भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर देश के कोने-कोने से युवा पहुंच रहे हैं। तकनीकी, मेडिकल, प्रबंधन, मानविकी और दूसरे अनेक क्षेत्रों में शिक्षा हासिल कर रहे ये नौजवान अध्यात्म और धर्म को लेकर बहुत ही आग्रही दिखाई पड़ते हैं। वे हर वर्ष ग्रीष्मकाल में होने वाली चार धाम यात्रा में जा रहे हैं। वे प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में केदारनाथ धाम जाने के लिए दुर्गम पहाड़ी मार्गों पर ट्रैकिंग करते हुए दिखाई देते हैं। वे अपनी इन यात्राओं की सुंदर स्मृतियों को इंटरनेट मीडिया पर भी साझा करते हैं और दूसरों को भी ऐसी आध्यात्मिक-धार्मिक यात्रा के लिए प्रेरित करते हैं। भारत के सुदूर इलाकों में स्थित मंदिरों, मठों और आश्रमों तक इन युवाओं की पहुंच के कारण आसपास के स्थानीय लोगों को सामाजिक और आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो रहे हैं।*



हाल में गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में चार दिवसीय 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्मिलित हुए। यह उत्सव भारत के लोगों और भारत की सभ्यता की जीवटता का सर्वोत्तम प्रमाण है। इस देश को अनेक आततायियों ने लूटा, यहां के लोगों पर बर्बरता की और यहां की सभ्यता को नष्ट करने के क्रूर प्रयास किए, लेकिन भारत की संतति ने संघर्ष किया और बार-बार उठ खड़े होकर अपनी अमूल्य धरोहर को संजोने और संरक्षित करने का अटूट प्रयास किया। पिछले एक दशक में देश ऐसी कई घटनाओं का साक्षी रहा है जिसमें भारत के खोए हुए स्वाभिमान और गौरव को पुनः प्रतिष्ठित किया गया है।

अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण इस बात का अनुपम उदाहरण है। एक बड़े संघर्ष के बाद जब यहां मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ तो रामलला के दर्शन लाभ के लिए देश-विदेश से श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। आज भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। इन श्रद्धालुओं में सर्वाधिक संख्या देश के युवाओं की है। पिछले वर्ष प्रयागराज में हुए महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इन श्रद्धालुओं में भी देश के युवा वर्ग की संख्या सर्वाधिक देखी गई। इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों में भारत के युवाओं की बढ़ती सहभागिता देखना अपने आप में एक बहुत ही सुखद अनुभव है। इंटरनेट मीडिया के इस युग में युवा अपनी इस सांस्कृतिक विरासत को लेकर बहुत ही मुखर हैं। वे इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर भी भारतीय संस्कृति और सभ्यता के विषय में अपने विचार साझा कर रहे हैं।

हाल के वर्षों में धार्मिक यात्राओं और भारत के तीर्थों पर पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों में देश के युवा वर्ग की भागीदारी बड़ी मात्रा में देखी जा सकती है। भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर देश के कोने-कोने से युवा पहुंच रहे हैं। तकनीकी, मेडिकल, प्रबंधन, मानविकी और दूसरे अनेक क्षेत्रों में शिक्षा हासिल कर रहे ये नौजवान अध्यात्म और धर्म को लेकर बहुत ही आग्रही दिखाई पड़ते हैं। वे हर वर्ष ग्रीष्मकाल में होने वाली चार धाम यात्रा में जा रहे हैं। वे प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में केदारनाथ धाम जाने के लिए दुर्गम पहाड़ी मार्गों पर ट्रैकिंग करते हुए दिखाई देते हैं। वे अपनी इन यात्राओं की सुंदर स्मृतियों को इंटरनेट मीडिया पर भी साझा करते हैं और दूसरों को भी ऐसी आध्यात्मिक-धार्मिक यात्रा के लिए प्रेरित करते हैं। भारत के सुदूर इलाकों में स्थित मंदिरों, मठों और आश्रमों तक इन युवाओं की पहुंच के कारण आसपास के स्थानीय लोगों को सामाजिक और आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो रहे हैं। पिछले दिनों उत्तराखंड सरकार के एक सर्वे में उत्तराखंड के प्रसिद्ध कैंची धाम के विषय में कुछ आंकड़े सामने आए जिससे यह पता चलता है कि बाबा नीब करौरी के इस स्थान पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। इन श्रद्धालुओं में अधिकतम संख्या 15 से 30 वर्ष के युवाओं की है। इससे यह भी पता चला कि यहां आने वाले युवा आध्यात्मिक उन्नति और शांति के लिए ऐसे स्थानों पर प्रवास करते हैं। सूचना के अनगिनत माध्यमों ने भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक जगत की जानकारी हर वर्ग और समूह तक पहुंचा दी है, जिससे प्रभावित होकर आज की युवा पीढ़ी ऐसे स्थानों पर जा रही है और संस्कृति का विस्तार कर रही है।

आज भारत के संतों और आध्यात्मिक चिंतकों के विचारों से प्रभावित होकर भी युवा आध्यात्मिक धारा से जुड़े रहे हैं। जैसे कि ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव अपने संबोधनों में अध्यात्म को विज्ञान से जोड़कर प्रस्तुत करते हैं।

# यूजीसी के नए नियम

इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव रोकने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की ओर से लागू किए गए नए नियम इस कारण निशाने पर हैं कि वे बदले की कार्रवाई का जरिया बन सकते हैं। इसकी बड़ी वजह नए नियमों में भेदभाव को स्पष्ट रूप से परिभाषित न किया जाना तो है ही, झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई न करने का प्रविधान भी है। चूंकि इन नियमों को लेकर हो रहे विरोध का दायरा बढ़ता जा रहा है और विरोध करने वालों में सत्तारूढ़ भाजपा के नेता भी हैं, इसलिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इन पर नए सिरे से विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। इसी के साथ इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है और




इसके तहत यूजीसी के नए नियमों को सामान्य बनाम अन्य के रूप में रेखांकित करने की कोशिश की जा रही है। इस क्रम में कुछ भ्रम भी फैलाए जा रहे हैं। यूजीसी के नए नियमों के अनुसार सभी शिक्षा संस्थानों को समानता अवसर केंद्र बनाने होंगे, जिनमें एससी-एसटी के साथ ओबीसी वर्ग के छात्र, कर्मचारी और शिक्षक भी अपने खिलाफ जातिगत आधार पर हो रहे भेदभाव की शिकायत कर सकते हैं। पहले के नियमों में केवल एससी-एसटी वर्ग के छात्र ही शामिल थे। यूजीसी के नए नियमों के तहत नस्ल, पंथ, क्षेत्र, जेंडर, दिव्यांगता आदि के आधार पर भी किए जाने वाले भेदभाव के खिलाफ शिकायत की जा सकती है। विरोधियों का तर्क है कि इन आधारों पर तो किसी भी वर्ग के छात्र, कर्मचारी या शिक्षक के खिलाफ भेदभाव हो सकता है। चूंकि यह तर्क निराधार नहीं, इसलिए यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि नए नियम केवल एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों के लिए ही नहीं हैं। आखिर नए नियमों में यह प्रविधान शामिल करने में क्या कठिनाई है कि किसी भी वर्ग का छात्र, कर्मचारी या शिक्षक अपने खिलाफ भेदभाव की शिकायत कर सकता है? ऐसे किसी प्रविधान के न होने से यह ध्वनित हो रहा है कि भेदभाव तो केवल सामान्य वर्ग के लोग ही करते हैं। क्या इस धारणा को सही कहा जा सकता है? यूजीसी के नए नियमों को लेकर यह भ्रम भी दूर किया जाए कि समानता अवसर केंद्रों के सदस्य केवल आरक्षित वर्गों के लोग ही होंगे। इस सबके साथ ही सबसे अधिक आवश्यक यह है कि नए नियमों में झूठी शिकायत करने वालों को हतोत्साहित या फिर आवश्यक हो तो दंडित करने के भी उपाय किए जाएं

# चूरू में 49.95 लाख के पंप हाउस का लोकार्पण

## नगर परिषद आपके द्वार' और 'एक रोटी गाय के नाम' अभियान शुरू

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** शहर के विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। चांदनी चौक क्षेत्र में नगर परिषद की ओर से निर्मित पंप हाउस का लोकार्पण किया गया तथा 'नगर परिषद आपके द्वार' अभियान और अभिनव पहल 'एक रोटी गाय के नाम' का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और स्थानीय विधायक हरलाल सहारण रहे। नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि बुंटिया रोड क्षेत्र में लंबे समय से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई थी। यह क्षेत्र लो-लेवल होने के कारण 9 गांवों और 7 वार्डों का बरसाती पानी यहीं एकत्र हो जाता था। स्थायी समाधान के लिए 49.95 लाख रुपये की लागत से पंपिंग स्टेशन का निर्माण कराया गया है, जिसमें पाइपलाइन और मोटर पंप की व्यवस्था शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि नगर परिषद आमजन की समस्याओं को लेकर गंभीर है। शहर की ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता है। यह पंप हाउस मानसून सहित सामान्य दिनों में भी जल निकासी की समस्या से राहत देगा। उन्होंने 'नगर परिषद आपके द्वार' अभियान को पारदर्शिता और जवाबदेही का उदाहरण बताया।

**विकास विवरणिका का विमोचनः** इस अवसर पर नगर परिषद की ओर से पिछले दो वर्षों में किए गए नवाचारों, विकास कार्यों एवं प्रस्तावित योजनाओं पर आधारित विकास विवरणिका का विमोचन भी किया गया। आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि 336.07 लाख रुपये की लागत से सड़क, नाला-नाली, पंप हाउस, स्ट्रीट लाइट, शौचालय, रिचार्ज वेल सहित विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं।

**'एक रोटी गाय के नाम' की शुरुआतः** मानवता और जीव-दया की भावना को मजबूत करते हुए नगर परिषद ने 'एक रोटी गाय के नाम' अभियान की शुरुआत की। इसके तहत शहरवासी अपने घर की पहली रोटी गौ-माता के लिए निकालेंगे। नगर परिषद के ऑटो टिपरों के माध्यम से रोटियां एकत्र कर गौशालाओं तक पहुंचाई जाएंगी।

# सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर की ओर से राजस्थान सरकार के आदेश की पालना में मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि..देखा लापरवाही का नतीजा.. थीम पर प्रदर्शनी बनाई गई जिसमें बाइक सवार ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को चकमा देकर नशे की हालत में कानों में मोबाइल हेडफोन लगाकर तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं और फिर दुर्घटना में चोटिल हो जाते हैं। तभी यमलोक से चित्रगुप्त और यमराज मौके पर आते हैं और उन्हें यातायात नियमों का बोध कराते हैं। प्रदर्शनी में यमराज बार-बार यातायात नियमों की पालना के लिए अपील करते हुए दिखाई दिए। यमराज ने प्रदर्शनी के माध्यम से कहा कि प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से वे परेशान हो चुके हैं, यातायात नियमों का पालन करें और अपने जीवन को सुरक्षा प्रदान करें। प्रदर्शनी को परिवहन निरीक्षक ओमप्रकाश वर्मा की ओर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक शैलेंद्र वर्मा, दीपक शर्मा, हेमंत शर्मा, गौरव सक्सेना, श्रीकांत कुमावत, उत्तम चंद गोयल भूदेव त्यागी व परिवहन गार्ड मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र में कोटखावदा तहसील के ग्राम पंचायत हरिपुरा के थूनी मंगलदास गांव में नोहरा की ढाणी में मंगलवार को श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। ग्राम वासियों के सहयोग से महिलाओं ने 101 कलश पूजन के साथ अचलपुरा वीर हनुमान मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। वहीं डीजे की धून पर नाचगान के साथ कलश यात्रा थूनी मंगलदास नोहरा की ढाणी में पहुंची। जहां कथा वाचक आचार्य सुमेरचन्द शास्त्री ने कथा का शुभारंभ किया। साथ ही शिव ओर पार्वती की झांकी सजाकर शिव पार्वती का विवाह भी सम्पन्न करवाया गया। इस दौरान विवाह में रामदयाल मीणा ने कन्या दान किया। वहीं समस्त ग्राम वासियों ने श्रीमद भागवत कथा का आनंद लिया। इस दौरान बताया कि हमारे यहां 7 दिन तक श्रीमद् भागवत कथा के दौरान अलग अलग झाकियां सजाई जाएगी।

# तम्बाकू मुक्त व मधपान जागरूकता रैली निकाली



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे मे सोमवार को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आदर्श आयुष्मान ग्राम योजना के तहत तम्बाकू मुक्त करवाने के लिए ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा के कौशल्या दास की बावड़ी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कौशल्या दास की बावड़ी से गांव में तम्बाकू मुक्त जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन डॉ लक्ष्मीकान्त शर्मा के नेतृत्व में जागरुकता रैली का आयोजन राप्रावि कौशल्या दास की बावड़ी से गांव में जागरुकता रैली का आयोजन व मद्यपान निषेध का व व्यसन मुक्त गांव किए जाने के लिए आयुष?मित्र व आयुष सखियो ने मिलकर जागरुकता रैली निकालकर सभी गांव वासियो को तम्बाकू व धूम्रपान छोडने के लिए जागृति रैली निकाली गई।गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में निकाली गई जन जागरूकता रैली में संस्था प्रधान रुक्मणि मीणा आयुर्वेद नर्स ,सुमन पारीक व विद्यालय स्टाफ मोनिका शर्मा, अल्का गुप्ता, अनीता चौधरी आदि शामिल रहे।

# भांकरोटा अग्निकांड में उत्कृष्ट कार्य के लिए हरीश बैरवा सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू गणतंत्र दिवस समारोह में हरीश बैरवा चाकसू निवासी को उत्कृष्ट कार्य के लिए गणगौरी मैदान में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपखंड कार्यालय व उप जिला मजिस्ट्रेट चाकसू ने सम्मानित किया। समारोह में विधायक रामावतार बैरवा, उपखंड अधिकारी निधि मीना, उगंता देवी प्रधान पंचायत समिति चाकसू ,डां बनवारी लाल मीना अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चाकसू भी मौजूद रहे। उन्होंने ने बताया कि आपदा की हर घड़ी में तत्पर रहने अग्निशमन सेवा का संकल्प है 'हर जीवन की रक्षा, हर परिस्थिति में सेवा भांकरोटा

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र में मोहम्मद याकूब खान पुत्र खाजू खान है लेकिन गलती से पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद याकूब मलकान और पिता का नाम याकूब खान मलकान दर्ज हो गया। अतः मुझे मेरे सही नाम मोहम्मद याकूब खान पुत्र खाजू खान के नाम से ही जाना जाए।

**याकूब खान पुत्र खाजू खान कायमखानी मुसलमान निवासी वार्ड नंबर 18, खंडेला जिला सीकर**

# *जल वायु टावर में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर के बोयतावाला स्थित एयरफोर्स नेवल हाउसिंग बोर्ड की जल वायु टावर सोसायटी में गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सोसायटी परिसर राष्ट्रभक्ति के रंगों से सराबोर नजर आया। सोसायटी की प्रबंधन समिति की ओर से गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष विशेष रूप से खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सोसायटी के रहवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए खेल भावना और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। आयोजन के तहत टेनिस, बैडमिंटन, पिकलबॉल, कैरम व शतरंज जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने अपने कौशल, अनुशासन और खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। टेनिस प्रतियोगिता में विशाल एवं तेजेन्द्र की जोड़ी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिकलबॉल युगल प्रतियोगिता में सौरभ पारीक व नरेन्द्र सिंह शेखावत की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में सुरेश हुड्डा व सुरेन्द्र कुमार विजेता रहे, जबकि कैरम प्रतियोगिता में सुखवीर सिंह शेखावत एवं सतपाल गुर्जर की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पिकलबॉल एकल मुकाबलों में नरेन्द्र सिंह शेखावत ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। शतरंज (पुरुष वर्ग) में रोशनलाल विजेता रहे, वहीं महिला शतरंज प्रतियोगिता में प्रीति गुर्जर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मुख्य समारोह के दौरान तिरंगा फहराया गया, जिसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ



कार्यक्रम की गरिमामयी शुरुआत हुई। इस अवसर पर सोसायटी के रहवासियों के लिए विभिन्न मनोरंजक व सामूहिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में पारिवारिक सहभागिता और उल्लास का वातावरण बना रहा। समारोह के समापन पर आयोजित सम्मान समारोह में सभी खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं व उपविजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सोसायटी प्रबंधन समिति ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से सामुदायिक एकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

# नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ की पूर्णाहुति,उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के डिग्गी-मालपुरा रोड स्थित अचरावाला गांव में श्रीरामधाम बालाजी महाराज मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ का मंगलवार सायंकाल विधिवत समापन हुआ। अंतिम दिन वैदिक विधि-विधान से हवन, पूजन व पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। समापन अवसर पर प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञाचार्य व विद्वान पंडितों की ओर से हवन-पूजन संपन्न कराया गया। यजमान कैलाश चेला (अचरावाला) ने अपने परिवार सहित आहुतियां प्रदान कीं। कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालु भी हवन में सम्मिलित हुए। पूर्णाहुति के उपरांत विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। श्रीरामधाम बालाजी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश लाल शर्मा एवं महेश शर्मा ने बताया कि श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन 19 जनवरी से किया जा रहा था, जिसका 27 जनवरी को भव्य समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्ति गीतों, हरिनाम संकीर्तन व जयघोष से गूंजता रहा। हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भोजन परोसने, बैठने और पंक्तिबद्ध व्यवस्था की उत्तम व्यवस्थाएं की गईं, जिससे भक्तों ने परिवारिक वातावरण में प्रसाद ग्रहण किया। प्रसादी हेतु लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। नौ कुंडीय वेदी की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में अचरावाला, अभयपुरा, तेजावाला, बड़ी मुहाना श्रीरामपुरा, रातल्या, केश्यावाला, चारणवाला, रघुनाथपुरा, बालावाला, मनोहरियावाला, लांखना, सीतारामपुरा, जाटावाला मुहाना, दादिया, रामनगरिया, बाण्यावाली, डाबला, कपूरावाला सहित अनेक गांवों के श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम के आयोजकों ने कथावाचक देवनारायण महाराज, यज्ञाचार्य पं. राजेश शास्त्री, प्रकाशदास महाराज (निवाई), तपस्वी बाबा महाराज (रातल्या) सहित सभी सहयोगी भक्तों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं।

समारोह में अतिथियों का बैंड-बाजों के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज (त्रिवेणी धाम), डॉ. कैलाश वर्मा, बगरू विधायक, पुष्पेन्द्र भारद्वाज (कांग्रेस प्रत्याशी, सांगानेर), गंगा देवी (पूर्व विधायक, बगरू) सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# दयाल आश्रम के महामंडलेश्वर मेलादास महाराज पंचतत्व में विलीन

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे के नोखा रोड स्थित दयाल आश्रम के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 मेलादास महाराज का सोमवार तड़के लगभग सवा तीन बजे 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई। महामंडलेश्वर मेलादास महाराज के अंतिम दर्शन के लिए अखिल भारतीय दादू पीठ के पीठाधीश ओमप्रकाश दास सहित बड़ी संख्या में संत-महंत, श्रद्धालु दयाल आश्रम पहुँचे। अंतिम दर्शन करने वालों में सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, गोपालपुरा सरपंच सविता राठी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। सोमवार दोपहर क़रीब एक बजे कस्बे के मुख्य मार्गों से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं सहित हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अंतिम यात्रा के दौरान पुराना बस स्टैंड पर जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा की गई। संत के अंतिम दर्शन के लिए लोग घरों से बाहर निकल आए। अंतिम यात्रा के बाद दयाल आश्रम परिसर में उनका दाह संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर महामंडलेश्वर मेलादास महाराज ने 14 वर्षों तक अग्नि तपस्या की थी। दाह संस्कार की विधि उनके शिष्य तपस्वी दास और जयदास ने मुखाग्नि देकर संपन्न कराई। इस दौरान दाह संस्कार में क़रीब 40 किलो घी अर्पित किया गया। महामंडलेश्वर की इच्छा थी की उनके ब्रह्मलीन होने के पश्चात जब उनका दाह संस्कार किया जाए तो लगातार घी धार उनके पार्थिव देह पर गिरे जिसे पूरा करने के लिए भक्तों ने क़रीब चालीस किलो घी पाइप लगाकर उनके देह पर गिराया। महामंडलेश्वर मेलादास महाराज के निधन से आध्यात्मिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

# युवक की मौत के दावे पर उठे सवाल!

## पीड़ित परिवार ने एसपी से की पुनः निष्पक्ष जांच की मांग

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दलेल का पुरा में एक व्यक्ति की मृत्यु को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मौत का कारण 'आकाशीय बिजली गिरना' बताया गया, लेकिन पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने इस निष्कर्ष पर गंभीर संदेह जताते हुए मामले की पुनः निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच की मांग की है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक धौलपुर को सौंपे गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 6 जुलाई 2025 को जिस समय मृत्यु होना बताई जा रही है, उस दिन मौसम पूर्णतः साफ था और उस दिन न तो बारिश हुई न बादल, न गरज-तड़क न ही किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा दर्ज की गई, ऐसे में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पीड़ित परिवार की ओर से प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि वास्तव में आकाशीय बिजली गिरती, तो घटनास्थल पर उसके स्पष्ट प्रमाण होते, जैसे– शव पर जलने के निशान आसपास के पेड़-पौधों या फसलों को क्षति तेज आवाज़ या प्रकाश, जिसे ग्रामीण अवश्य देखते लेकिन ऐसा कोई भी प्रमाण सामने नहीं आया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस उप अधीक्षक स्तर से मामले को बिना वैज्ञानिक तथ्यों के जल्दबाज़ी में निपटा दिया गया, जबकि मौसम विभाग की आधिकारिक रिपोर्ट मंगवाकर सच्चाई सामने लाई जा सकती थी। परिवार पिछले 6-7 महीनों से थाना, और पुलिस कार्यालय और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं, न्याय नहीं। पत्र में मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष पुनः विवेचना कराई जाए।

## पीएम आवास योजना के अधूरे मकान 20 फरवरी तक पूर्ण कराने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा (निस)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के अंतर्गत आने वाले समस्त लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि जिन लाभार्थियों के आवास अभी तक पूर्ण नहीं हुए हैं, वे 20 फरवरी तक अनिवार्य रूप से आवास निर्माण पूर्ण करवा लें और अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए संबंधित कार्यालय में संपर्क करें। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी लाभार्थी को शेष रही अनुदान राशि देय नहीं होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं लाभार्थी की होगी। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि योजना की समय-सीमा समाप्त होने के मद्देनज़र यह अंतिम अवसर है, अतः सभी लाभार्थी समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

# जिला सरस डेयरी की 23 वीं आम सभा में 63.57 करोड़ का बजट पारित

## दुग्ध खरीद दर में 1.50 से 2 रूपए प्रति लीटर बढोतरी की घोषणा

## डेयरी प्लांट पर नई आईबीटी स्थापित करने की घोषणा




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** चूरू जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ लिमिटेड की 23 वीं वार्षिक आमसभा डेयरी चेयरमैन लालचंद मुंड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आम सभा में प्रबंध संचालक सुरेश कुमार, सह प्रबंध करूणा गौड़, लेखाधिकारी श्याम लाल पारीक, प्लांट सह प्रबंध जितेंद्र सिंह व संचालक मंडल के सदस्य व जिले के सदस्य दूध उत्पादक सहकारी समितियों के अध्यक्षों ने भाग लिया और डेयरी को मजबूत करने का आह्वान किया।अध्यक्ष डेयरी चेयरमैन मूंड ने बताया कि 6 करोड़ रूपयों से डेयरी प्लांट पर अति शीघ्र नई आईग्बीबी स्थापित करने की धोषणा की गई है। जिसमें प्लंट का कार्य शुरू होगा। मूंड ने बताया कि सरस डेयरी चूरू जिले सहित इलाके में बहुत ही शानदार कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि वर्ष 2025-26 का 63.57 करोड़ रूपयों का चूरू दुग्ध संघ का बजट पेश किया गया है। जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों की ओर से अनुमोदन किया गया। जिसके कारण डेयरी में काफी विकास कार्य होंगे। पिछले साल सबसे अधिक दूध देने वाली व सबसे अधिक पशु आहार देने वाली समितियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष लालचंद मुंड के अलावा राज्य सरकार, आरसीडीएफ प्रतिनिधि, प्रबंध संचालक व अन्य दूध समितियों के प्रतिनिधि द्वारा आम सभा को संबोधित किया गया। इस मौके पर डेयरी एमडी सुरेश कुमार, सह प्रबंध करूणा गौड़, जितेंद्रसिंह, लेखाधिकारी श्यामलाल, सदस्य भागीरथ, हनुमानप्रसाद, सांवरमल, लादुराम, रोहिताश, प्रभुदयाल, रामीदेवी, उमादेवी, उम्मेदसिंह, मोहनी देवी, हनुमान, सीआर बुडानिया, मनोज कुमार, मदनलाल भाट, रामावतार बालान, हरीशंकर, कमल कुमार, सीताराम माली, ओमकवंर, झांबरमल मीणा आदि मौजूद रहे। संचालक करूणा गौड़ ने किया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज प्रतियोगिता

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से राजस्थान सरकार के आदेश के अनुपम में मनाई जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एस एन महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत की ओर से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और उनसे यातायात संबंधित क्विज के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित किया। प्रतियोगिता में एनएसएस की छात्राएं विजई रही। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा साइबर फ्रॉड को लेकर नाटक का मंचन किया गया जिसे उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/ 33797/810 निविदा सूचना / 2025-26 Date:27.01.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू0 ) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Construction of New VC Secretariate and Admn. Cell in VMOU Kota. UBN- RRC2526WSOB01122 | 361.11 Lakh | अल्पकालीन 639/25-26 |
| Electrical work at Nursing College and Hostel at Nimbahera, Chittorgarh. UBN- RRC2526WSOB01134 | 201.00 Lakh | 642/25-26 |
| HT/LT Line Shifting work from Bandh Baretha to Uchain via Kheriya Mod. UBN- RRC2526WSOB01135 | 334.54 Lakh | |
| Construction of Major Bridge & Bypass at Sewla Village on Bandh Baretha to Uchain via Kheriya Mod Road. UBN- RRC2526WLOB01141 | 2089.39 Lakh | अल्पकालीन 647/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http//eproc.rajasthan.gov.in, http// sppp.rajasthan.nic.in तथा http//pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट httpÑ//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**

# एक दीवाने की दीवानियत के बाद अब एक्शन अवतार में दिखेंगे हर्षवर्धन राणे? पोस्ट साझा कर खुद की घोषणा



बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के लिए खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब खबर है कि अभिनेता डायरेक्टर मिलाप जवेरी के साथ काम करने जा रहे हैं। यह नया प्रोजेक्ट एक हाई-एनर्जी मास एंटरटेनर बताया जा रहा है, जो दोनों की जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर लेकर आएगी

**इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया साझा**

सोशल मीडिया पर हर्षवर्धन राणे ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मुझे मिलाप सर की स्क्रिप्ट पर पूरा भरोसा है, अगर वो मुझे कोई कहानी देंगे, तो मैं बिना सोचे साइन कर दूंगा। इस पर डायरेक्टर मिलाप जवेरी ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा, मैंने तो ऑफर दे दिया है मेरे दोस्त! और जवाब तो 'हां' ही रहेगा, वो भी पक्की वाली। दोनों की कमेंट सेक्शन में इस बातचीत के बाद अब इसे एक्टर की तरफ से फिल्म की घोषणा बताया जा रहा है जिसका नाम मेसी हो सकता है।

**'एक दीवाने की दीवानियत' के बाद फिर साथ आएंगे दोनों**

'एक दीवाने की दीवानियत' में हर्षवर्धन राणे के इमोशनल किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म की सफलता के बाद मिलाप जवेरी और राणे की जोड़ी एक बार फिर साथ काम करने जा रही है। सूत्रों की मानें तो यह फिल्म एक्शन, इमोशन और देसी तड़के से भरपूर होगी, बिल्कुल वैसी ही जैसी मिलाप की पिछली फिल्मों की पहचान रही है।

**गैंगस्टर ड्रामा और 'सिला' भी हैं लाइन में**

मिलाप जवेरी के प्रोजेक्ट के अलावा, हर्षवर्धन राणे कई और बड़े प्रोजेक्ट्स में भी बिजी हैं। खबर है कि उन्हें एकता कपूर की आने वाली गैंगस्टर ड्रामा फिल्म के लिए भी एप्रोच किया गया है। यह फिल्म एक क्राइम थ्रिलर यूनिवर्स की तरह बनाई जा रही है, जिसमें जबरदस्त एक्शन और ग्रे शेड वाले किरदार दिखेंगे। माना जा रहा है कि राणे इस फिल्म में एक गहरे और जटिल किरदार में नजर आएंगे, जो उनके करियर का नया टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है।

इसके अलावा, हर्षवर्धन ने हाल ही में निर्देशक ओमंग कुमार की फिल्म 'सिला' की शूटिंग पूरी की है। यह फिल्म वियतनाम में शूट की गई और इसमें उनके साथ अभिनेत्री सादिया खातिब नजर आएंगी। ओमंग कुमार के निर्देशन में यह फिल्म भावनात्मक और रहस्यमयी कहानी पर आधारित बताई जा रही है।

**'सनम तेरी कसम' का सीक्वल भी आने वाला है**

फैंस के लिए खुशखबरी यह भी है कि 2016 की हिट रोमांटिक फिल्म 'सनम तेरी कसम' का सीक्वल भी तैयार हो रहा है।



# 'थामा' की सफलता पर गदगद हुए आयुष्मान खुराना

**अभिनेता** आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी फिल्म 'थामा' से चर्चा में हैं, जिसे दर्शकों द्वारा अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। अभिनेता ने इस फिल्म की सफलता पर अपनी राय व्यक्त की है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना अभिनीत 'थामा' इन दिनों सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। हाल ही में अभिनेता ने इस फिल्म की सफलता को लेकर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही थामा में अपने किरदार के बारे में भी बताया है। चलिए जानते हैं क्या बोले आयुष्मान खुराना।

**'मेरी सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म है'**

अभिनेता आयुष्मान खुराना ने बात की। उन्होंने कहा, 'मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स हिंदी सिनेमा का सबसे सफल यूनिवर्स है। ओपनिंग कमाई के मामले में 'थामा' दूसरे नंबर पर है। यह मेरी सबसे बड़ी ओपनिंग है और मुझे उम्मीद है कि यह मेरी सबसे बड़ी फिल्म भी बनेगी।'

**फिल्म में अपने किरदार के बारे में की बात**

आगे बात करते हुए अभिनेता से सवाल किया गया कि उन्हें इस फिल्म में किस चीज ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'इस फिल्म में पहली बार मैंने अपने पुराने किरदारों से हटकर रोल किया है। इसमें मैंने वैंपायर या सुपरहीरो जैसी भूमिका की है। इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं इस यूनिवर्स का बहुत बड़ा फैन हूं और जो मैं पर्दे पर देखना चाहता हूं, उसी को करना चाहता हूं।'

**फिल्म थामा के बारे में**

मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा 'थामा' दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। यह फिल्म 2025 की उन चुनिंदा फिल्मों में शामिल हो गई है, जिसने मात्र एक हफ्ते में 100 करोड़ क्लब में जगह बना ली है। दर्शक फिल्म के रोमांचक ट्विस्ट और मनोरंजन भरे डर को खूब एंजॉय कर रहे हैं।



# इमरान हाशमी ने अपनी फिल्म 'हक' पर की बात

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने अपनी आगामी फिल्म हक के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने उसकी कहानी पर प्रकाश डाला। चलिए जानते हैं अभिनेता ने क्या कहा।

इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म 'हक' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी शाह बानो बेगम केस पर आधारित है। अभिनेता ने अपनी फिल्म के बारे में विचार प्रकट किए हैं। साथ ही फिल्म के मुद्दे पर भी बात की। आइए जानते हैं इमरान हाशमी से हुई बातचीत के बारे में।

**'यह एक ऐतिहासिक मामला था'**

अभिनेता इमरान हाशमी ने एएनआई से बात की और अपनी आगामी फिल्म हक की कहानी के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'यह 1985 के उस मामले से प्रेरित है जिसमें अहमद खान ने शाह बानो को तलाक दिया था। यह एक ऐतिहासिक मामला था। उस समय, कोई नहीं जानता था कि शाह बानो कई महिलाओं और आने वाली पीढ़ियों के लिए लड़ रही थीं। इस फिल्म में, हमने इस मामले को निष्पक्ष तरीके से दिखाया है।'

**मेरा बेटा पूजा और नमाज दोनों करता है:** आगे बातचीत में इमरान हाशमी से हिंदू-मुस्लिम में तनाव को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, एक लिबरल मुस्लिम होने के नाते, मुझे इस फिल्म के दृष्टिकोण से कोई समस्या नहीं है क्योंकि हम किसी समुदाय को बदनाम नहीं कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा, मैंने परवीन से शादी की है, जो एक हिंदू हैं। मेरा बेटा पूजा और नमाज दोनों करता है। मेरी मां ईसाई हैं। मेरी परवरिश धर्मनिरपेक्षता में हुई है, इसलिए मैं इस फिल्म को उसी नजरिए से देख रहा हूं। अब लोगों की क्या प्रतिक्रिया होगी, इसके बारे में मैं नहीं सोच रहा।

# एक्ट्रेस तान्या राजकुमार राव संग मिलकर खोलेंगी

## शिक्षा व्यवस्था की पोल



**भारत** की नई पीढ़ी के कलाकारों में तेजी से पहचान बना रही अभिनेत्री तान्या मानिकतला अब जल्द ही अभिनेता राजकुमार राव के साथ एक नई फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बन रही है। इस फिल्म में तान्या युवा भारतीयों की आवाज बनेंगी। उनका किरदार फिल्म की कहानी के लिए बेहद अहम होगा। फिल्म की कहानी भारत की शिक्षा व्यवस्था की सच्चाइयों पर आधारित है। फिल्म उस दुनिया को सामने लाने की कोशिश करती है जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। वह दुनिया, जहां छात्र और शिक्षक, दोनों ही एक कठिन और प्रतिस्पर्धी सिस्टम के दबाव में जीते हैं। यह कहानी न केवल सामाजिक रूप से प्रासंगिक है, बल्कि हर उस परिवार से जुड़ती है जो बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहता है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने समाचार एजेंसी  को बताया कि यह प्रोजेक्ट सभी कलाकारों और निर्माताओं के लिए बेहद व्यक्तिगत और भावनात्मक है। निर्देशक आदित्य ने इस विषय को बड़ी गहराई और संवेदनशीलता से संभाला है। राजकुमार राव और तान्या मानिकतला का किरदार दर्शकों के दिल को छू लेगा। सूत्र के मुताबिक, तान्या का किरदार इस फिल्म का अहम हिस्सा है, क्योंकि यह उन युवा भारतीयों की आवाज है जो आज के दौर में शिक्षा, करियर और समाज की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्देशन के साथ-साथ फिल्म का लेखन भी आदित्य निंबालकर ने किया है। कहानी में भारत के शिक्षा जगत की उन गहराइयों को दिखाया गया है, जहां छात्रों पर पढ़ाई और परीक्षा का भारी दबाव होता है, वहीं शिक्षकों को भी सिस्टम की सीमाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।  फिल्म शिक्षा व्यवस्था के भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक पहलुओं पर रोशनी डालती है। यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक ऐसा आईना है जो समाज को अपने भीतर झांकने पर मजबूर करेगा।

# थामा में अपने किरदार को लेकर बोलीं रश्मिका मंदाना



**अभिनेत्री** रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म थामा की सफलता का लुत्फ उठा रही है। इस फिल्म में उन्होंने वैंपायर का किरदार निभाया। बात करते हुए उन्होंने फिल्म में काम के अनुभव को साझा किया और बताया कि उनके लिए यह किरदार कितना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि थामा का अनुभव उनके लिए रचनात्मक रूप से बहुत रोमांचक था। वैंपायर का किरदार उनके लिए पूरी तरह से नया है, क्योंकि अब तक उन्होंने अपने करियर में ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया था। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह अनुभव बिल्कुल नया था। मुझे नहीं पता था कि वैंपायर या बेताल जैसे प्राणी का किरदार कैसे निभाया जाता है। यह भूमिका मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण और जटिल थी। उन्होंने इस अनुभव को दिलचस्प करार देते हुए कहा, इस तरह के किरदारों के साथ काम मेरे लिए हमेशा नई चीजें सीखने जैसा होता है। सामान्य किरदार निभाना भी एक तरह का आनंद देता है, लेकिन जब कोई बिल्कुल अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार मिलता है, तो यह अनुभव एक अलग ही तरह का उत्साह देता है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे इस किरदार में खुद को बदलने की पूरी प्रक्रिया बेहद आकर्षक लगी। जब कोई कलाकार किसी सामान्य किरदार में काम करता है, तो उसका आनंद अलग होता है, लेकिन किसी अलग प्राणी का किरदार निभाना उसे एक नए तरह का उत्साह और खुशी देता है। रश्मिका ने अपने प्रोड्यूसर अमर कौशिक और निर्देशक आदित्य सरपोतदार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, इस नए और चुनौतीपूर्ण किरदार को निभाने में उनका मार्गदर्शन और समर्थन बहुत महत्वपूर्ण रहा। रश्मिका ने खुलासा किया कि उन्होंने इस किरदार को निभाने के लिए बिल्कुल जीरो से शुरुआत की।

# टीचर बनना चाहती थी मलायका



**आज** हम आपको बॉलीवुड की बहुत ही टैलेंटेड और खूबसूरत अदाकारा से मिलवा रहे हैं. बॉलीवुड के पॉपुलर आइटम सॉन्ग्स से तहलका मचाने वाली इस हसीना की दीवानगी आज भी उतनी ही है जितनी सालों पहले हुआ करती थी. जी ये हसीन अदाकारा कोई और नहीं, बल्कि शाहरुख खान के साथ 'छैंया-छैंया' गाने से लोगों का दिल जीतने वाली मलाइका अरोड़ा हैं, जिनकी अदाओं पर आज भी लोग जान छिड़कते हैं. आज मलाइका किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं. अपने बेहतरीन डांस से वो सबको अपना दीवाना बना लेती हैं. लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है. मुंबई में जन्मीं मलाइका अरोड़ा की मां जॉयस पॉलीकार्प मलयाली फैमिली से आती हैं और पिता पंजाबी हिंदू परिवार से थे. एक्ट्रेस को अपने शुरूआती दिनों में काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ा था. एक बार एक्ट्रेस ने खुद बताया था कि वह कभी इतने छोटे घर में रहती थीं कि उसकी तुलना माचिस की डिब्बी से कर सकते हैं. इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया था कि बचपन में बहुत कुछ झेलना पड़ा. हालांकि, आज एक्ट्रेस के पास हर तरह की सुविधाएं हैं. करियर की बात करें तो मलाइका कभी फिल्मों में नहीं आना चाहती थीं, वो हमेशा से एक टीचर बनना चाहती थीं. लेकिन डांस ने उनका जीवन बदल दिया और वो इंडस्ट्री की सबसे मशहूर आइटम गर्ल बन गईं.

# तमन्ना भाटिया ने फिल्म बाहुबली की बात

**हाल** ही में तमन्ना भाटिया ने फिल्म बाहुबली के बारे में कई बातें बताई हैं। उनके मुताबिक फिल्म में काम करने के बाद उनमें कई बदलाव आए हैं। तमन्ना भाटिया इंडस्ट्री की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में की हैं, लेकिन उनके डांस नंबर आज भी दर्शकों को दीवाना बनाते हैं। उन्होंने दो दशक पहले हिंदी फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से अभिनय में कदम रखा था, लेकिन उन्हें सबसे बड़ा ब्रेक तब मिला जब उन्होंने प्रभास के साथ बाहुबलीः द बिगिनिंग में काम किया। इसके बाद, उन्होंने बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन से पर्दे पर वापसी की और तब से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**तमन्ना भाटिया में आया बदलाव**

फिल्मफेयर के साथ बातचीत में, तमन्ना भाटिया ने बताया कि कैसे बाहुबली फ्रैंचाइजी ने उन्हें बदल दिया। उन्होंने कहा बाहुबली एक ऐसी फिल्म थी जिससे मैंने सबसे ज्यादा सीखा। हम एक हरे रंग की स्क्रीन के सामने शूटिंग कर रहे थे, इसलिए हमें बहुत सी चीजों की कल्पना करनी पड़ी। मैंने वीएफएक्स के बारे में सीखा। किसी फिल्म को बेहतर बनाने के लिए इसका इस्तेमाल कैसे किया जाता है यह भी सीखा। इसने मुझे प्रयोग करने का और भी आत्मविश्वास दिया। उसके बाद से, मैंने लोगों की राय को गंभीरता से लेना बंद कर दिया। मैं अपने अंतर्मन पर ज्यादा भरोसा करने लगी।



# 4000 करोड़ी फिल्म रामायण के लिए फ्री में काम कर रहे विवेक ओबेरॉय

**बॉलीवुड** एक्टर विवेक ओबेरॉय की जबरदस्त एक्टिंग के फैंस दीवाने रहते हैं. हालांकि, उनका फिल्म करियर कुछ खास नहीं रहा है. विवेक ओबेरॉय फिल्मों में कम ही नजर आते हैं और रियल स्टेट का बिजनेस कर रहे हैं. फिलहाल, उनकी पाइपलाइन में अभी कुछ फिल्में हैं, जिसमें डायरेक्टर नितेश तिवारी की 4000 करोड़ी मूवी रामायण  है. इस फिल्म में विवेक ओबेरॉय विभीषण का किरदार निभाते नजर आएंगे. फिल्म रामायण में उनकी फीस को लेकर जानकारी सामने आई है. आइए जानते हैं कि इस फिल्म के लिए उन्होंने कितनी फीस ली है. विवेक ओबेरॉय ने बात करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा से कहा था कि वह फिल्म के लिए एक भी पैसा नहीं लेना चाहते हैं. वह अपनी पूरी फीस कैंसर से पीड़िता बच्चों की मदद के लिए दान करना चाहते हैं. विवेक ओबेरॉय ने कहा, मैंने उनसे कहा कि मैं आपका सपोर्ट करना चाहता हूं कि क्योंकि ये काम मुझे पसंद है. मुझे लगता है कि ये इंडियन सिनेमा को ग्लोबल स्टेज पर ले जाएगा.  हॉलीवुड महाकाव्यों के लिए भारत की तरफ रामायण जवाब होगा. ये उस कंपनी से जुड़ी है, जिसने 7-8 ऑस्कर जीते हैं और भी शानदार काम किए हैं. वास्तव में रामायण से बड़ा और बेहतर कुछ और नहीं हो सकता है. इसे ग्लोबल फील्ड में ले जाना काफी एक्साइटिंग है.



## फिल्म रामायण की स्टारकास्ट

फिल्म रामायण में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश, विवेक ओबेरॉय, रवि दुबे, सनी देओल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह, अरुण गोविल, काजल अग्रवाल, इंदिरा कृष्णन, कुणाल कपूर, शीबा चड्ढा जैसे तमाम सितारे नजर आएंगे. फिल्म भगवान राम का किरदार रणबीर कपूर, माता सीता किरदार साई पल्लवी और रावण का किरदार यश निभाएंगे.

## चोरी का खुलासा करने पर पुलिस का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मलसीसर मे उपखण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मलसीसर पुलिस थाना के सहायक उप निरीक्षक संजीवकुमार मील को चोरी का खुलासा करने पर उपखण्ड अधिकारी सुमन चौधरी ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उपखण्ड प्रशासन , मलसीसर की ओर से सम्मानित किया गया।

## कुहाडू में पूर्व पीईइओ का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुहाडू में मंगलवार को पूर्व पीईईओ प्रधानाचार्य महिपाल सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधानाचार्य गोवर्धन सिंह व विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश मिठारवाल उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य गोवर्धन सिंह ने बताया कि कुहाडू स्कूल के पूर्व पीईईओ महिपाल सिंह का स्थानांतरण मोजास से लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक में हुआ है। विद्यालय परिवार ने उनका शॉल, साफा व गिफ्ट भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर व्याख्याता प्रभा कुल्हरी, रोहिताश सिंह, श्रवण तेतरवाल,प्यारेलाल, नितेश कुमार,शीशराम हुड्डा, अजय महला, खेतराम, कालूराम, सुशीला, मदनलाल उपस्थित रहे।

## भोजासर चिकित्सा शिविर में 500 मरीज लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा पंचायत समिति के ग्राम भोजासर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भोजासर सहित आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों के 500 से अधिक मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया और विशेषज्ञों से परामर्श लिया। यह शिविर 'स्मृति मंच' की ओर से लगाया गया। सरपंच ओमप्रकाश मील ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सबसे पहले गांव के मुख्य चौक में स्थित स्वतंत्रता सेनानी शहीद चौधरी करनी राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर संयोजक डॉक्टर दिनेश मील ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में मरीजों की गहन जांच के लिए विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों को बुलाया गया था। शिविर में दो फिजिशियन, एक नेत्र रोग विशेषज्ञ, एक ईएनटी (नाक-कान-गला) विशेषज्ञ, एक शल्य चिकित्सक (सर्जन) और एक रेडियोलॉजी विशेषज्ञ ने सेवा ए दी। शिविर के दौरान 200 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच के लिए रक्त के नमूने एकत्रित किए गए। मरीजों को आवश्यक दवाइयां और जांच सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। स्थानीय निवासियों का कहना था कि विशेषज्ञों को दिखाने के लिए अक्सर उन्हें बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता था, लेकिन घर के पास ही यह सुविधा मिलने से उनका समय और पैसा दोनों बचे हैं। शिविर में सरपंच ओमप्रकाश मील ने शिविर में सभी विशिष्ट अतिथियों और चिकित्सकों का सम्मान किया।

## रंजिश को लेकर हिंसक झगड़ा, एक युवक गंभीर घायल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के निधेरा कला उपखंड क्षेत्र में रविवार दोपहर पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुए हिंसक झगड़े में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक लक्ष्मीकांत पुत्र दाताराम, जाति ब्राह्मण, निवासी निधेरा कला को परिजनों ने पहले सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार विवाद पानी को लेकर हुआ बताया जा रहा है। गांव में लगे सरकारी ट्यूबवेल से पानी भरने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मामला मारपीट में बदल गया। इस दौरान लक्ष्मीकांत पर गंभीर हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में आशा सहयोगिनी रति शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने उनके पति और उनके ऊपर हमला किया और घायल अवस्था में उन्हें मृत समझकर छोड़ दिया। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और निजी वाहन की सहायता से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी परिवार फरार हो चुका था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे पूरा परिवार भय के साए में है। पीड़ित परिवार का कहना है कि वे गांव में अपने घर लौटने से भी डर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए बताया कि अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, सुरक्षा मुहैया कराने और निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### यात्री का मोबाइल फोन लौटाया

## ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल बने रेलवे कर्मी जोताराम देवासी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली(निस)।** भारतीय रेल्वे केवल यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाने का माध्यम ही नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और विश्वास का भी एक सशक्त प्रतीक है। इसका जीवंत उदाहरण हाल ही में अजमेर रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला, जहाँ रेलवे कर्मी जोताराम देवासी स्न4 ष्ट्रञ्जढ्ढ ने ईमानदारी, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना का परिचय दिया। एक यात्री का कीमती मोबाइल फोन सुरक्षित रूप से वापस दिलाकर मानवता की मिसाल कायम की। गणतंत्र दिवस को पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक प्रदीप सिंह राठौड़ गाड़ी संख्या 14702 (अरावली एक्सप्रेस) से आबूरोड से जयपुर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान कोच B-4, सीट संख्या 43 पर सफर करते समय उनका फोन ट्रेन के बाथरूम में गिर गया। जिससे घबराए हुए यात्री राठौड़ अजमेर रेलवे स्टेशन पर उतरकर



टी.टी.ई. लॉबी पहुँचे, जहाँ उनकी मुलाकात Dy CTI जोताराम देवासी से हुई। देवासी ने पूरे धैर्य,शांति और संवेदनशीलता के साथ यात्री की पुरी बात सुनी और उन्हें आश्वस्त किया,कि हर संभव प्रयास करके मोबाइल खोजने का प्रयास किया जाएगा।

**तत्परता और जिम्मेदारी का परिचय:**

रेलवे विभाग में कार्यरत जोताराम देवासी ने अपने निजी संपर्क सूत्रों और रेलवे तंत्र के माध्यम से तुरंत कार्यवाही शुरू की। कुछ ही समय में सूचना मिली कि मोबाइल फोन जयपुर स्टेशन पर सुरक्षित मिल गया है। इसके बाद मोबाइल को अगली गाड़ी में वापस अजमेर मंगवाकर विधिवत रूप से यात्री को सुपुर्द किया गया। यात्री के पारिवारिक नंबर पर सूचना देकर उन्हें राहत की खबर दी गई, जिससे परिवार सहित सभी को मानसिक शांति मिली।

**सेवा भावना की प्रेरक मिसाल:**

यह घटना केवल एक मोबाइल मिलने की नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे की सेवा संस्कृति, नैतिक मूल्यों और कर्मचारी समर्पण का प्रतीक है। देवासी का यह कार्य दर्शाता है कि रेलवे कर्मचारी केवल ड्यूटी निभाने तक सीमित नहीं, बल्कि वे यात्रियों की समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी समझकर समाधान भी करते हैं। उनका यह सराहनीय कार्य न केवल रेलवे की सकारात्मक छवि को मजबूत करता है, बल्कि अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनता है।

**मोबाइल मिलने पर यात्री की प्रतिक्रिया:**

प्रदीप सिंह राठौड़ ने भावुक शब्दों में कहा कि अगर जोताराम देवासी जैसे कर्मचारी रेलवे में हों,तो यात्री खुद को सुरक्षित, सम्मानित और विश्वास में महसूस करते हैं। यह केवल मोबाइल लौटाने का मामला नहीं, बल्कि इंसानियत और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण भी है।आज के समय में जब समाज में विश्वास की कमी महसूस की जाती है, ऐसे में टिटिई जोताराम देवासी जैसे नेक कर्मचारी यह सिद्ध करते हैं कि ईमानदारी, सेवा और संवेदना अभी भी जीवित हैं। भारतीय रेलवे को ऐसे कर्मठ, ईमानदार और संवेदनशील कर्मचारियों पर गर्व होना चाहिए जो अपने कर्तव्य से आगे बढ़कर समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं।यह समाचार केवल एक घटना नहीं, परंतु भारतीय रेलवे की मूल भावना, सेवा ही धर्म है, का सजीव उदाहरण है।

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर 4 फरवरी को भरतपुर में होगी रैली व आमसभा, तैयारी को लेकर बैठक

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आह्वान पर राज्य सरकार की ओर से कर्मचारियों से किए गए वादे पूरे नहीं होने के विरोध में 4 फरवरी को भरतपुर में विशाल रैली एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर सोमवार को महाराणा स्कूल धौलपुर में संगठन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी ने की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से कर्मचारियों को 9, 18, 27 वर्ष के स्थान पर 8, 16, 24, 32 वर्ष की पदोन्नति योजना लागू करने, आठवें वेतनमान की घोषणा, वेतन विसंगतियों के निराकरण, मंत्रालयिक संवर्ग का निदेशालय गठन, ग्रेड पे संशोधन सहित विभिन्न मांगों को लेकर आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, निजी सहायक संवर्ग की पांचवीं पदोन्नति, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण, अधीनस्थ कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कर्मियों, नर्सिंग संवर्ग, लेब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, लेखा संवर्ग, पात्र शिक्षकों की पुष्टि, जेल प्रहरियों के वेतनमान में सुधार, ठेका एवं प्लेसमेंट कर्मियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, जीपीएफ व बीमा ऋण तथा सेवानिवृत्ति पश्चात देय लाभों के शीघ्र भुगतान जैसी मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इन्हीं मांगों को लेकर 4 फरवरी को संभागीय आयुक्त कार्यालय भरतपुर में धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली जाएगी तथा प्रदेश अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें धौलपुर जिले से सैकड़ों कर्मचारी भाग लेंगे। बैठक में जलदाय विभाग से राकेश शर्मा व राजू शर्मा, शिक्षा विभाग से चौलसिंह जाट, त्रिलोक यादव, चेतन शर्मा, रामेश्वर सिंह, धरमसिंह सहित सूचना कर्मचारी संघ, शिक्षक संघ युवा, शिक्षक संघ एकीकृत, पशुपालन कर्मचारी संघ, संविदा कर्मचारी संघ, पोस्ट ऑफिस कर्मचारी संघ, वन विभाग कर्मचारी संघ समेत विभिन्न विभागों के संगठनों ने भाग लिया और भरतपुर रैली में शामिल होने की सहमति जताई।

## मनिया में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान स्कूल में विवाद

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर/मनियां(निस)।** धौलपुर जिले के थाना मनियां क्षेत्र स्थित एक राजकीय विद्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न हुई स्थिति को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया है। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिसर में कुछ ग्रामीणों और समाज के लोगों की ओर से आपत्ति व्यक्त की गई, जिसके बाद प्रशासन को मौके पर पहुंचना पड़ा। जानकारी के अनुसार, गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विद्यालय में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई थीं, जिनमें विद्यार्थियों की ओर से संविधान और देश के महापुरुषों के योगदान पर विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान मंच व्यवस्था को लेकर कथित रूप से असहमति उत्पन्न होने की बात सामने आई, जिसे लेकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई।

स्थानीय ग्रामीणों व समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर से जुड़ी तस्वीर के सम्मान को लेकर उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। इसी विषय को लेकर ग्रामीणों व जाटव समाज के लोगों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्र होकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन शुरू किया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन, तहसील प्रशासन तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से संवाद कर स्थिति को शांत बनाए रखने की अपील की और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रशासन का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की वस्तुनिष्ठ जांच की जा रही है और सभी पक्षों की बात सुनी जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है और प्रशासन लगातार निगरानी रखे हुए है।

## खबर का असर: अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** तहसील के गांव पोयणा में मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गांव में पिछले कई वर्षों से हो रहे अतिक्रमण को प्रशासन ने हटाया। गांव के पास रामदेव मंदिर आंगनबाड़ी केंद्र के आस पास लोगों ने बाड़े बनाकरअतिक्रमण किया था। उक्त अतिक्रमण को हटाने के लिए ग्रामवासियों ने उपखंड से लेकर जिला प्रशासन व ग्राम पंचायत प्रशासन को ज्ञापन देकर हटवाने की कई बार मांग की गई थी। इसके साथ मीडिया ने भी अतिक्रमण को बार-बार

हाईलाइट किया । जिस पर लंबे समय के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। ग्रामीणों की मांग थी कि राज्य सरकार की ओर से गांव में पेयजल समस्या दूर करने के लिए टंकी स्वीकृत है,पानी की टंकी बनाने के लिए सरकारी जमीन का अभाव था।लेकिन कुछ सरकारी जमीन पर लोगों के अतिक्रमण करने पर विकास कार्यों में बाधा आ रही थी। अन्य भूमि की व्यवस्था नहीं होने से टंकी का शिलान्यास भी नहीं हो पाया। जमीन का अभाव अतिक्रमण विकास में अवरुद्ध हो रहा था। मंगलवार को तहसीलदार हिमांशु कच्छवाह के नेतृत्व में प्रशासन राजस्व विभाग का एक दल पोयणा गांव पहुंचा और जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया। उक्त अतिक्रमण हटाने से ग्रामीणों की समस्या दूर होगी तथा खेलकूद के साथ अन्य विकास कार्यों में जमीन काम में आ सकती है। इस मौके पर जितेंद्र बबेरवाल,नायब तहसीलदार तखतगढ़, ग्राम पंचायत प्रशासक रमणीक त्रिवेदी, सुरेंद्र सिंह देवड़ा पावा आरआई, दशरथ सिंह पालड़ी जोड़ आरआई, जितेंद्र कुमार पटवारी बामनेरा, प्रदीप सिंह पटवारी पालड़ी जोड़, रिडमल सिंह पटवारी बांकली, ग्राम विकास अधिकारी जुगल कशोर के साथ पुलिस दल मौके पर मौजूद रहे। तहसीलदार हिमांशु कच्छवाह के आदिश अनुसार

पटवार मंडल बामनेरा के राजस्व गांव पोयणा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई मंगलवार को की गई। खसरा नंबर 91 जो कि राजस्व रिकॉर्ड में सिवायचक भूमि दर्ज है। वही 92/1 किस्म बंजड शिक्षा विभाग प्राथमिक उच्च विद्यालय के नाम रिकॉर्ड में दर्ज है। उक्त भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध रूप से कच्चे पक्के मकान और बाड़ा बनाकर अतिक्रमण किया। प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए अतिकर्मियों को कई बार नोटिस दिए जा चुके थे,लेकिन आज दिन तक अतिकर्मियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया।

## राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) अमित शर्मा को विशिष्ट सेवा पदक

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) अमित शर्मा प्राचार्य राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आरएमएस) धौलपुर को सैन्य शिक्षा और नेतृत्व के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट व परिवर्तनकारी योगदान के लिए गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर राष्ट्रपति की ओर से विशिष्ट सेवा पदक (ङ्कस्रू) से सम्मानित किया गया है। अंग्रेज़ी साहित्य में पीएचडी उपाधि प्राप्त एक प्रख्यात शिक्षाविद अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने 11 नवंबर 2023 को प्राचार्य का पदभार संभाला। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में विद्यालय ने अकादमिक मानकों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा एनडीए/टीईएस चयन परिणामों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की, साथ ही नैतिकता, अनुशासन और नेतृत्व मूल्यों पर आधारित कैडेटों के सर्वांगीण विकास को सुदृढ़ किया। उनके कार्यकाल में आरएमएस धौलपुर ने 1962 में स्थापना के बाद से अब तक का सर्वाधिक एनडीए/टीईएस चयन जैसे ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किए। विद्यालय ने 'एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग्स 2024' में सरकारी आवासीय विद्यालयों की श्रेणी में 5वां स्थान प्राप्त किया, इंटर-आरएमएस एमयूएन 2024 तथा पेंटैंगुलर मीट 2025 में विजय हासिल की और अपनी पहली कहानी पुस्तक 'केसरियन टेल्स' प्रकाशित कर शैक्षणिक उपलब्धियों में नया आयाम जोड़ा। लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा के नेतृत्व में एनईपी सुधारों का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया, जिसके अंतर्गत व्यावसायिक क्लब, अनुभवात्मक शिक्षण मॉड्यूल तथा कैडेटों के लिए सुव्यवस्थित राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किए गए। उनकी अग्रगामी सोच से आधारभूत संरचना और प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण उन्नयन हुआ—इनडोर शूटिंग रेंज की स्थापना से 26 कैडेट प्री-नेशनल चैंपियनशिप के लिए योग्य बने, वहीं एसजीएफआई व राष्ट्रीय स्तर की खेल उपलब्धियों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जनवरी 2024 में माननीय उपराष्ट्रपति के आरएमएस धौलपुर भ्रमण का सफल और सुव्यवस्थित आयोजन उनकी प्रशासनिक दक्षता का प्रत्यक्ष प्रमाण रहा।

सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) अमित शर्मा ने कहा कि यह पदक आरएमएस धौलपुर परिवार के समर्पण और सहयोग की सामूहिक पहचान है। उन्होंने शिक्षण एवं प्रशासनिक स्टाफ, अधिकारियों और कैडेटों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए यह सम्मान विद्यालय के संकाय और कैडेटों को समर्पित किया, जिनकी साझा प्रतिबद्धता शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण के मिशन को निरंतर आगे बढ़ा रही है।

## वाडट्टा नाड़ा मनरेगा कार्यस्थल पर कांग्रेस नेताओं ने मजदूरों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** बांकली ग्राम पंचायत क्षेत्र के वाडट्टा नाड़ा में चल रहे मनरेगा कार्यस्थल पर सुमेरपुर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष एश्वर्या सांखला ने पहुंचकर मजदूरों को केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा योजना में किए गए बदलावों को लेकर जागरूक किया। इस दौरान हरिशंकर मेवाड़ा ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना में लगातार बदलाव कर गरीब, मजदूर और ग्रामीण तबके के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जहां मनरेगा मजदूरों को समय पर काम और भुगतान मिलता था, वहीं अब नियमों की जटिलता, भुगतान में देरी और ऑनलाइन प्रक्रिया के नाम पर मजदूरों को परेशान किया जा रहा है। मेवाड़ा ने बताया कि किए गए बदलावों से जॉब कार्ड सत्यापन, आधार लिंकिंग और तकनीकी शर्तों के कारण बड़ी संख्या में मजदूर मनरेगा से बाहर हो रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रहेगी। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष एश्वर्या सांखला ने महिलाओं से संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया। इस दौरान राहूल गांधी का लेटर पढ़कर श्रमिकों को सुनाया। पूर्व जिला परिषद सदस्य कंचन परमार ने कहा कि मनरेगा योजना महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम रही है, लेकिन केंद्र सरकार की नीतियों से सबसे ज्यादा नुकसान ग्रामीण महिलाओं को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा से मनरेगा को मजबूत करने के पक्ष में रही है और आगे भी महिलाओं व मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। महिलाओं को अपने हक के लिए जागरूक होकर एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों को पहचानें और किसी भी अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं। कार्यस्थल पर मौजूद मजदूरों से संवाद करते हुए कांग्रेस नेताओं ने उन्हें मनरेगा के नियमों, मजदूरी भुगतान और अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और मजदूरों में केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली। इस मौके पर बांकली ग्राम प्रशासक तेजाराम देवासी, किरणसिंह बांकली, गोपीलाल, यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेश भार्गव, विनोद परमार कोसेलाव, भावेश सैन, अल्केश परिहार सहित बड़ी संख्या में महिला श्रमिक मौजूद रहीं।

## ग्राम पंचायत बामनेरा में विकास 'फेल', सौर लाइटें बनीं शोपीस

### दस माह में ही खराब पड़ीं सौर ऊर्जा लाइटें, गलियों में जलभराव व गंदगी से ग्रामीण परेशान

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पंचायत समिति सुमेरपुर की ग्राम पंचायत बामनेरा में किए गए विकास कार्य धरातल पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। पंचायत के अधीन बामनेरा, पोयणा और धनापुरा गांवों में सीसी सड़क, नाली-नाला और सौर ऊर्जा लाइट जैसे कार्य तो हुए, लेकिन रखरखाव के अभाव में अधिकांश योजनाएं बेअसर साबित हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तीनों गांवों में जल निकासी की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। कई गलियों में कीचड़ और गंदगी फैली है। धनापुरा के महादेव चौक सहित कई स्थानों पर गंदा पानी जमा रहता है। वहीं पोयणा गांव में नालियों का काम अधूरा होने से घरों का गंदा पानी सड़कों और गलियों में बह रहा है। सांकलाराम मेघवाल और भीमाराम कुम्हार के घर के बाहर लंबे समय से कीचड़ भरा पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि पोयणा गांव में करीब दस माह पहले प्रमुख मार्गों पर 10 नई सौर ऊर्जा लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन कुछ ही महीनों में इनकी गुणवत्ता की पोल खुल गई। कई लाइटें टिमटिमा रही हैं, कई लाल सिग्नल दे रही हैं, तो कहीं बैटरी और एलईडी गायब है। कई जगह केवल खंभे ही खड़े रह गए हैं। सौर लाइटें बंद होने से रात्रि में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धनापुरा गांव में सरकारी भवनों, स्कूल और अस्पताल के बाहर गंदा पानी जमा है। जागरूक नागरिक विक्रम सिंह ने बताया कि नाली-नालों की नियमित सफाई नहीं होने से पिछले पांच वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। गांव में 10 से 15 सौर लाइटें वर्षों से बंद पड़ी हैं, कई पोल झुक चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण गोचर भूमि पर अतिक्रमण हो रहा है। वार्ड संख्या 8 में एक वर्ष पूर्व बनी सीसी सड़क भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जहां बारिश का पानी जमा रहता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सौर लाइटों की मरम्मत, नालियों की सफाई और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था जल्द की जाए, ताकि गांवों को वास्तव में विकास का लाभ मिल सके।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
28 जनवरी, 2026

## सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** स्थानीय राजस्थान रोडवेज के सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन आरएसआर टीसी रिटायर्ड एम्पलाइज एशोसिएशन शाखा सरदारशहर के अध्यक्ष रामचन्द्र माली के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष दराबखान, ओपी माली, खुर्शीद खान, रणजीत सिंह शेखावत, धर्मवीरसिंह, करणीसिंह, सानुषकुमार व बलवान पूनियां ने मंगलवार को विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य प्रबंधक सरदारशहर को प्रबंध निदेशक जयपुर के नाम मांग पत्र सौंपा। प्रमुख मांगों में हायर पेंशन का निस्तारण करने, जून 2025 से सेवानिवृत्त परिलाभ तथा ग्रेच्युटी व उपार्जित अवकाश का भुगतान करने, अप्रेल 2022 से पेंशन के बकाया एरियर का भुगतान करने, अधिश्रम भत्ते, साप्ताहिक अवकाश, अवैतनिक अवकाश का भुगतान शीघ्र किया जाये। राजस्थान सिविल सेवा पेंशन नियम 1996 के संशोधित नियम 54 (2) के अनुसार 70 वर्ष की आयु में पांच प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु में दस प्रतिशत की पेंशन में वृद्धि की जाए। अध्यक्ष रामचन्द्र माली ने मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की मांग की है।

## अनियंत्रित कार विद्युत पोल से टकराई, तीन लोग घायल



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** खाटू श्याम जी से दर्शन कर लौट रही दिल्ली नंबर की हुंडई कार पाटन थाना क्षेत्र में एक बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। कार में तीन लोग सवार थे। पाटन थाने के सामने अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क से नीचे उतरते हुए आगे पटवार घर के सामने लगे विद्युत पोल से जा टकराया। हादसे के समय आसपास मौजूद पाटन बस स्टैंड के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से उन्हें राजकीय रैफरल चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। गनीमत रही कि समय रहते मदद मिल जाने से कोई जनहानि नहीं हुई।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह दुर्घटना पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के कारण हुई। पाटन थाने से नीमकाथाना बाइपास तक बनाए गए मार्ग के दौरान नाली का निर्माण नहीं किया गया, जिससे सड़क किनारे गड्ढे और असंतुलन बना हुआ है। यदि नाली का निर्माण किया गया होता तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी।

## चिराणिया की स्मृति में शोक सभा आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लक्ष्मणगढ़ में मंगलवार को स्थानीय पिंजरापोल प्रांगण हॉल में बाबूलाल चिराणिया के गोलोकधाम गमन पर उनके व्यक्तित्व व समाज सेवा को स्मरण करते हुए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा लक्ष्मणगढ़ पिंजरापोल व नंदीशाला गौसंवर्धन समिति के सदस्यों व कार्यसमिति के तत्वावधान में आयोजित हुई। सभा में उपस्थित लोगों ने चिराणिया के समाज, गौसेवा व संस्थान के प्रति किए गए अमूल्य योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।शोक सभा में श्रीराम शर्मा, पवन शर्मा, सुशील जोशी, पुरुषोत्तम मिश्रा, ललित कुमार भूत, विनोद कुमार शर्मा, हरीश कुमार शर्मा, प्रताप सिंह, अनिल मिश्रा, श्याम सुन्दर खाटूवाला, रतन सिंह बगड़ी, आत्माराम मिश्रा, प्रमोद मंगलुणावाला, रामस्वरूप सोमानी, नरेश कुमार बजाज, सुभाष जाजोदिया, संदीप कुमार पंसारी, राजकुमार सैनी, मोहित सैनी, कमल जोशी व जयप्रकाश सरावगी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की।सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

## डॉ. पुकार राज्य-स्तर पर सम्मानित

**चूरू(निस)।** चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए चूरू मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार को सोमवार को गणतंत्र दिवस पर जयपुर में हुए राज्य-स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर चूरू पहुंचने पर डॉ. पुकार का मेडिकल कॉलेज और डीबी अस्पताल के डॉक्टरों तथा नर्सिंग स्टाफ ने भव्य स्वागत किया। होटल शक्ति पैलेस के आगे उनका मार्ल्यापण कर, साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने तिरंगा रैली निकाली। अग्रसेन नगर रेलवे फाटक से मेडिकल कॉलेज तक विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लिए भारत माता के जयकारों के साथ जुलूस निकाला। इस अवसर पर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने डॉ. पुकार का घोड़ी पर बैठाकर स्वागत किया।

# कैंब्रिज सीनियर सैकंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया 77वाँ गणतंत्र दिवस

## 25% ट्यूशन फीस छूट व 15 सदस्यीय कमेटी की घोषणा















जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** कैंब्रिज सीनियर सेकंडरी स्कूल में 77वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ हुई। विद्यालय परिसर को तिरंगे, रंग-बिरंगे गुब्बारों और देशभक्ति संदेशों से आकर्षक रूप से सजाया गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और अतिथियों की उपस्थिति से विद्यालय प्रांगण उत्साह से भर उठा। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि अच्छे नागरिक तैयार करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी तक पहुँचना आवश्यक है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता व उद्योगपति सुरेश चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सर्वेश्वर शर्मा, रतन सिंह सांखला, ओमवीर पूनिया,सुनील चौधरी, कुंभा राम बाजिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में मनोज हरितवाल, अल्का, विनोद मीणा, योगेन्द्र सिंह, हाकिम सिंह, धर्मेंद्र, चन्द्र विजय, सुनील कुमार कौरी, दुर्गा देवी, शरद कुमार,सुरज भान सिहं, धर्मेंद्र कुमावत, मोहम्मद इजहार, भूप सिंह, राम सिंह, नरेश कुमार सहित अनेक नागरिक शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संविधान, कर्तव्य और देशसेवा के महत्व का संदेश दिया और शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे मजबूत माध्यम बताया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ रहीं। छात्र-छात्राओं ने 'जलवा तेरा जलवा ', 'छोड़ो कल की बातें ', 'घर कब आओगे ', 'छोटे-छोटे सपने' तथा 'आज दिल पे हाथ रख के' जैसे गीतों पर शानदार प्रस्तुतियाँ देकर मौजूद सभी अतिथियों का मन मोह लिया। देशभक्ति नृत्य, समूहगान और मंचीय प्रस्तुति के दौरान पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन की ओर से एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई। आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के अलावा विद्यालय प्रशासन ने 25 प्रतिशत विद्यार्थियों के ट्यूशन शुल्क में छूट देने की घोषणा की। इस घोषणा को कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने सराहनीय कदम बताया। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह छूट उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होगी, जिन्हें आर्थिक कारणों से पढ़ाई में कठिनाई आती है, लेकिन वे प्रतिभाशाली हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं। प्रशासन ने कहा कि शिक्षा केवल सुविधा नहीं, बल्कि भविष्य को संवारने का अवसर है, इसलिए कोई भी बच्चा सिर्फ आर्थिक वजह से पीछे न रहे,इसी सोच के साथ यह निर्णय लिया गया है। इसी छूट प्रक्रिया को पारदर्शी, न्यायपूर्ण और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से विद्यालय प्रशासन ने 15 सदस्यीय समिति गठित करने की भी घोषणा की। समिति का कार्य पात्र विद्यार्थियों की पहचान, दस्तावेज़ों का सत्यापन, आवेदन प्रक्रिया का निरीक्षण तथा अंतिम चयन को निष्पक्ष ढंग से सुनिश्चित करना रहेगा। प्रशासन ने बताया कि समिति में विद्यालय के अनुभवी शिक्षक, प्रशासनिक प्रतिनिधि तथा सामाजिक क्षेत्र के चयनित लोग शामिल रहेंगे, ताकि निर्णय संतुलित और वस्तुनिष्ठ हो। साथ ही समिति नियमित बैठकें कर यह सुनिश्चित करेगी कि छूट का लाभ सही जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुँचे और किसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया न हो। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। अंत में मिठाई वितरण व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सोनी देवी मेमोरियल ट्रस्ट का रक्तदान शिविर, 51 यूनिट रक्त संग्रह




जयपुर टाइम्स

**जयपुर/सीकर।** हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए सोनी देवी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सत्यम ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 51 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। इस अवसर पर हार्दिका रिहैबिलिटेशन सेंटर (न्यूरोकेयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्रा. लि. की इकाई) के निदेशक डॉ. एन. सी. पूनिया ने रक्तदान की महत्ता बताते हुए कहा कि एक व्यक्ति का रक्तदान कई जिंदगियां बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी भी है। शिविर में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान को नियमित आदत बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कुलदीप ढेवा (अध्यक्ष, युवा जाट महासभा), नरेंद्र सिंह चौधरी, संदीप जाखड़, विजेंद्र तिवाड़ी, मुकेश सैनी, विजय चौधरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाजहित में महत्वपूर्ण पहल बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही।

## बैंक कर्मचारियों की हड़ताल से करोड़ों का लेन-देन प्रभावित




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यूएफबीयू के आह्वान पर पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की माँग को लेकर मंगलवार को सरदारशहर में बैंक कर्मचारियों ने पंजाब नेशनल बैंक के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन एवं हड़ताल पर रहकर विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताल देशव्यापी आंदोलन का हिस्सा रही है। जिसके तहत सम्पूर्ण भारतवर्ष में बैंक कर्मचारी एकजुट होकर सड़कों पर उतरकर कर अपनी मांगों का समर्थन किया। बैंक कर्मियों की हड़ताल के कारण लगातार चौथे दिन बैंकिंग सेवाएँ पूरी तरह ठप रहीं। जिससे आमजन, व्यापारी, किसान व औद्योगिक क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए। हड़ताल के चलते करोड़ों रुपये का लेन-देन भी प्रभावित हुआ। जिससे स्थानीय आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ा। धरना-प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने केंद्र सरकार एवं बैंक प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में लगातार बढ़ते कार्यभार, कर्मचारियों की भारी कमी और लंबे कार्य समय के कारण बैंक कर्मियों पर अत्यधिक मानसिक दबाव बढ़ गया है। ऐसे में पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करना समय की मांग है। इस अवसर पर पीएनबी ऑफिसर्स यूनियन से कमल कांत शर्मा, विनोद कुमार मीणा, एनसीबी के उप महासचिव अभिषेक पारीक, एसबीआई एसोसिएशन के जोनल सचिव रविश सुथार, भवानी सिंह शेखावत, रमेश कुमार माली, अमित कुमार विश्नोई, प्रकाश सोनी व रामावतार माली उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि जब तक बैंक कर्मचारियों की जायज मांगों को स्वीकार नहीं किया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बैंक कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक व उग्र रूप दिया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
28 जनवरी, 2026

## पिता की याद में प्रतिभाओं को प्रदान किए चांदी के मैडल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजकीय पूनमचंद बगड़िया उच्च माध्यमिक विद्यालय महावीर प्रसाद तोदी की स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति श्री महाबीर प्रसाद तोदी स्मृति कौशल सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कलकत्ता प्रवासी उनके सुपुत्र अजय तोदी व देवकीनंदन तोदी की ओर से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को चांदी से बने मेडल प्रदान कर पुरस्कार वितरण किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष नीलोफर गौरी ने की। जबकि विशिष्ट तिथि के रूप में अजय तोदी, देवकी नंदन तोदी, डॉक्टर शर्मिला सोनी, डॉक्टर घनश्याम नाथ कच्छावा, पवन चितलांगिया, माणक चन्द सर्राफ, संस्था प्रधान रणवीर सिंह, कौशल्या गुलेरिया आदि रहे। विद्यालय में 13 विद्यार्थियों को चांदी के शानदार मैडल प्रदान किए गए। जबकि 26 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व 45 विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य बीरबल सिंह, आशा कंवर राठौड़, नेहा चौधरी, महमूद हसन आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे। संचालन एकता मीणा अध्यापिका ने किया।

## बैंककर्मियों ने रखी हड़ताल, किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को देशव्यापी हड़ताल के तहत सुजानगढ़ में भी बैंक ऑफिस बंद रहे। एस बी आई शाखा सब्जी मंडी के सामने कर्मचारियों की ओर से प्रदर्शन किया गया और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की गई। पूर्व राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड तैयब अली ने बताया कि 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह, बैंकिंग क्षेत्र में लिए जा रहे कर्मचारी विरोधी निर्णय, पी एल आई, पेंशन अपडेशन व अन्य मांगो के लिए एक दिवसीय हड़ताल के चलते बैंक कार्य ठप्प रहा। प्रदर्शन में कमल, प्रशांत जोशी, दीपा, नरेंद्र, दीपक खत्री, नरेश, माधव, भवानी शंकर, मुरली बागड़ा, उमेश सैनी, कमल लाखन, सोनू, गोपी प्रजापत, आकाश, नरेंद्र स्वामी, विजय खत्री आदि उपस्थित रहे। बैंक बंद होने के कारण आम उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर डाला महापड़ाव, नारेबाजी कर किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** गाजुवास माइनर से दो समूह में पानी छोड़ने, साहवा वितरिका में टेल तक पानी पहुंचाने, निर्माणाधीन नहरों में घटिया समाग्री पर रोक लगाने, अधिशाषी अभियंता को हटाने, नहर पटड़े के नाम पर हुए दो करोड़ के घोटाले की जांच करवाने, गाजुवास माइनर के रकबे घटाने पर रोक लगाने, केसीसी सर्वे कम्पनी को सार्वजनिक करने, डीएलसी का मुआवजा चार गुणा देने, अधिगृहित भूमि को कम करने, किसानो के नहर सफाई के तुरंत भुगतान करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर गाजुवास माइनर के किसानों ने नहर विभाग में जमकर प्रदर्शन किया। गुस्साए किसान अधिशाषी अभियंता के कार्यालय में घुस गए और विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। सीआई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता तैनात रहा। इस मोके पर किसान नेता हरिसिंह बेनीवाल, उमराव सहारण, विक्रम सोनी, महेन्द्र सुथार, राजू सहारण, सुरेन्द्र सहारण, कृष्ण सहारण, मनीराम, सुमेश, लालचंद, श्री चंद, जयवीर, सोमवीर सहित सैकड़ों किसान धरने पर बैठे गए। समाचार लिखें जाने तक किसानों का धरना जारी रहा।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले किसान प्रशिक्षक का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** ग्राम पंचायत सिंगोदड़ा की ओर से सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसान प्रशिक्षक अरुण शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में ग्राम पंचायत प्रशासक महेश कुमार ढ़ेवा व विद्यालय प्राचार्य सौरभ शर्मा व गांव के राजेंद्र चाहर, बीरबल महरिया, बनवारी महरिया, रामेश्वर महरिया, सुधीर महरिया, अमित महरिया, बनवारी गिठाला, मोहन गिठाला, ओमप्रकाश गिठाला, गंगाधर नायक, प्यारे लाल सैनी, राजकुमार (राज), मनोज सैनी, मनीष बगड़िया व रणजीत बगड़िया सहित बड़ी संख्या में नागरिक, विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने किया रतन नगर पालिका भवन का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** शहर के निकटवर्ती कस्बें रतननगर में गणतंत्र दिवस पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, नगरपालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर व अधिशाषी अधिकारी संजू चौधरी ने रतननगर पालिका के नवीनीकृत पालिका भवन का सोमवार को फीता काटकर लोकार्पण किया। नगरपालिका भवन का नवीनीकृत कार्य रतननगर के भामाशाह राजेन्द्र हीरावत के आर्थिक सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि जनता की सेवा ही सबसे बड़ी मानवता है। आमजन की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। पालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर के अल्प कार्यकाल में रतननगर नगरपालिका क्षेत्र में जो विकास के नये आयाम स्थापित किये है वो इतिहास में लिखे जाएंगे। उन्होनें कहा कि चाहे सड़कों के निर्माण कार्य हो, पानी-बिजली, सफाई का कार्य हो, सभी समय पर कराया जाना बहुत बड़ी उपलब्धी है। उन्होंने कहा कि आज गणतंत्र दिवस का दिन वीरां की शहादत को नमन करने का दिन है। उन्होंने कहा कि आज के इस ऐतिहासिक दिन पर निकिता ने शानदार आयोजन कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का काम किया है। उन्होंने भामाशाह हिरावत परिवार की सराहना करते हुए कहा कि अपने पुरुषार्थ से अर्जित धन को नगर विकास के काम में लगाने जैसा काम कोई विरला ही कर सकता है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि पालिकाध्यक्ष निकिता गुर्जर के कार्यकाल में जितने भी विकास के काम हुए है उनमें इस नगरपालिका भवन के नवीनीकृत का काम भी विकास की सूची में जुड़ गया है। उन्होनें कहा कि रतननगर में विकास का पहिया कभी रूकेगा नहीं। सहारण ने कहा कि डबल इंजन की यह सरकार रतननगर के विकास में अपनी पूरी भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष निकिता गुर्जर ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में राजनीति से ऊपर उठकर पार्षदों व आमजन के सहयोग से टीम भावना के साथ काम करने का प्रयास किया है। अधिशासी अधिकारी संजू चौधरी ने उपस्थित जनों को विश्वास दिलाया कि नगर पालिका की ओर से शहर के सफाई कार्य में कहीं भी कोई शिकायत का अवसर किसी भी जनप्रतिनिधि व आमजन को नहीं दिया जायेगा। उनका पूरा फोकस स्वच्छता पर ही रहेगा, जिसमें आमजन की भागीदारी भी जरूरी है तभी स्वच्छ रतननगर और स्वस्थ रतननगर बन पायेगा। इस अवसर पर बसन्त शर्मा, वासुदेव चावला, गोविंद प्रसाद शर्मा, निर्मल सैन, अभिषेक चोटिया, मनोहर सिंह, राजेन्द्र धरेन्द्रा, मोहन खारड़िया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका के दो कार्मिकों को पदौन्नति हो जाने पर प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रातः पालिका परिसर में झंडा रोहण भी किया गया।

# कलश यात्रा, वाहन रैली से हिन्दू सम्मेलन का आगाज

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गांधी बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन कलश के साथ आयोजित किया गया। कलश यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। वहीं सम्मेलन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व संत-महात्माओं के ओजस्वी उद्बोधन हुए। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को जातिगत भेदभाव से ऊपर उठाकर संगठित करना और समाज, संस्कृति और राष्ट्र के उत्थान के लिए एकजुट करना रहा। कार्यक्रम में गाड़ोदा धाम के महावीर जति महाराज व सालासर धाम के लक्ष्मीनारायण पुजारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज समय की मांग है कि हिंदू समाज अपने भीतर की दीवारों को तोड़कर एक-दूसरे का हाथ थामे। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण, धर्म संरक्षण और बहन-बेटियों की सुरक्षा व सम्मान तभी संभव है जब पूरा समाज एक परिवार बनकर आगे बढ़े। संतों ने महिला शक्ति को समाज की रीढ़ बताते हुए रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होल्कर, माता सीता, दुर्गा माता, महारानी पद्मिनी व आधुनिक भारत की प्रेरणास्रोत नारी शक्तियों का उदाहरण देते हुए बेटियों को शिक्षित, सुरक्षित और सशक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुखराज प्रजापत, श्यामसुंदर खण्डेलवाल, राजेन्द्र पथानिया, गणपत मेघवाल, श्याम गोयल, महावीर मेघवाल, हंसराज भाटिया, रामावतार पुजारी, मनोज शर्मा, महावीर पथानिया, अजय, प्रशांत, विशाल, विपुल, धर्मपाल, गजानंद दाधीच, कालू राम बाबरिया, सुमित, रवि गोदारा सहित अनेक लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 141 विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए स्वेटर, जुराब

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से मंगलवार को राजकीय सुजानगढ़ नागरिक परिषद उच्च माध्यमिक विद्यालय में गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि झनकार नवरतन सुराणा फाउंडेशन कोलकाता के तत्वावधान में नवीन, विकास, विनीत सुराणा के सौजन्य व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से आयोजित हुए कार्यक्रम के माध्यम से 4 सरकारी विद्यालयों के 141 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर्स, जुराब उपलब्ध करवाए गए। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी बाबूलाल की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीबीईओ रणजीत भींचर ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में देने के भाव को आत्मसात करें। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद रतनलाल सेन, स्नेहप्रभा मिश्रा, भागीरथ गोदारा, डॉ घनश्यामनाथ कच्छावा, सुषमा मूंदड़ा ने भी कार्यक्रम में विचार प्रकट किए। बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मूलचंद तिवाड़ी, हाजी मोहम्मद, कुणाल सोनी, शिक्षक भागीरथ गोदारा, मंगलाराम, शकुंतला मंचस्थ रहे। प्रधानाचार्य महमूद हसन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सहयोग के लिए यंग्स क्लब का आभार व्यक्त किया। क्लब के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रजाई, स्वेटर्स वितरण कार्यक्रम में सहयोग के लिए शिक्षक पूसाराम स्वामी, सारोठिया व रघुनाथ सेवदा, धां चारणान का शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि आयोजन के माध्यम से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानगढ़ नागरिक परिषद, परावा, बाड़ा, कोडासर जाटान ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हुए। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत शिक्षक लक्ष्मण खत्री, पद्मवीर, छगनलाल सांखला, भागीरथ गोदारा, सुरेंद्र राणा, धनराज सिंगोदिया, मुन्नी स्वामी, प्रीति पारीक, कंचन जाखड़ आदि ने किया।

## चैक अनादरण के दो मामलों में एक-एक साल का कारावास

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** पांच साल पुराने चैक अनादरण के दो मामलों में एसीजेएम न्यायालय ने दो आरोपियों को एक-एक साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत ने बताया कि रणजीत भारी की ओर से दो अलग-अलग मामले न्यायालय में दाखिल किए गए थे। जिनमें मोहम्मद युसूफ पुत्र लाल मोहम्मद निवासी खानपुर का रास्ता हाल सुजानगढ़ पर 3 लाख के चैक अनादरण का मुकदमा दायर किया गया था,उ जिसमें एसीजेएम न्यायाधीश विकास गजराज ने आरोपी को दोषसिद्ध करार देते हुए 3 लाख 90 हजार रूपए अदा करने, 1 साल का साधारण कारावास भुगतने के आदेश दिए हैं। वहीं राशि अदा नहीं करने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसी प्रकार इम्दाद अली पुत्र लाल मोहम्मद निवासी हाल सुजानगढ़ के खिलाफ भी 2 लाख 50 हजार की राशि के चैक अनादरण का मामला न्यायालय में दायर किया गया था, जिसमें आरोपी को दोषसिद्ध मानते हुए न्यायालय ने 3 लाख 25 हजार रू. अदा करने, एक साल के साधारण कारावास, अदम अदायगी तीन माह के साधारण कारावास की सजा से दंडित किया है। मामले में परिवादी की ओर से पैरवी एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत, एडवोकेट प्रदीप कठातला ने की।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतिभाओं का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज सुजानगढ़ की ओर से सूर्य सप्तमी महोत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। भगवान भास्कर के हवन पूजन के मुख्य यजमान हरि प्रसाद भोजक के साथ दम्पति जोड़ों ने हवन आहुति दी। हवन के बाद आदित्य नारायण भगवान को सूर्य अर्घ व सूर्य नमस्कार योग रखा गया। समाज के विशिष्ट वरिष्ठ जनों मोहनलाल, सुरेन्द्र कुमार, विष्णुदत्त, प्रकाशचंद्र, जय प्रकाश, नीरजा, सांवरमल भोजक का सम्मान समाज की ओर से किया। गिरधर शर्मा का समाजिक सरोकार के लिए वरिष्ठजनों की ओर से सम्मान किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण गोपाल भोजक व विशिष्ट जय प्रकाश भोजक की ओर से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। शिवांगी व लक्ष्मी ने सरस्वती वन्दना की। शताक्षी मान्यता ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। एकल नृत्य में हिमानी, निशांत, सावी, विनय, यतिका, मानवी, नेहा, बिजू, रिद्धि ने प्रस्तुति दी। सिद्धार्थ, उत्कर्ष, तनुश्री, पुलकित, हिमांश ने कविता पाठ किया। हेतुल ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। हरिप्रसाद ने हास्य की मनोरंजक प्रस्तुति दी। रेंवतमल ने कविता पाठ किया। सांस्कृतिक प्रतिभागियों को डॉ कृष्ण गोपाल-नीरजा शर्मा ने पुत्र मोहित की स्मृति में पुरस्कार वितरण किया। कौशल्या भोजक व कुसुम ने भी संबोधित किया। शिक्षा क्षेत्र में आदर्श शारीरिक शिक्षक दीनाराम शर्मा की स्मृति में उनके पुत्र गिरधर शर्मा की ओर से समाज के 29 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संचालन अशोक भोजक व अनमोल भोजक ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष सरस्वती देवी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों पर बैठक में चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** सालासर मंडल में मंगलवार को हिंदू समाज की बैठक का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में किया गया। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और हिन्दू संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना और आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि 6 फरवरी को सालासर में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को संगठित करना बहुत ही आवश्यक है। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। और प्रचार प्रसार को योजना बनाई गई।


## तोलियासर भैरूंजी के वार्षिकोत्सव का शुभारभ



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के तोलियासर भैरूंजी मंदिर का वार्षिकोत्सव के तहत तीन द्विवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ हुआ। तीन द्विवसीय नानी बाई रो मायरो कथा के शुरूवात में स्थानीय टांटिया शिवालय से जूलूस निकली जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए तोलियासर भैरूंजी मंदिर पहुंची। जूलूस में देवि देवता की झांकियां,सैकडो की संख्या में महिलाएं मलगकलश लिये थी। रथ पर नानी बाई रो मायरो कथा के कथावाचक पंडित देवकीनंदन दाधिच विराजित थे। मंदिर परिसर पहुच कर व्यासपीठ की पुजा अर्चना की गई दोपहर 1 बजे से पांच बजे तक कथावाचक पंडित देवकीनंदन दाधिच ने संप्रसग कथा का वाचन किया। पुजारी धनश्याम पाण्डे ने बताया हर वर्ष होने वाले वार्षिकोत्सव के तहत 27 से 29 जनवरी तक नानी बाई रो मायरो कथा एक बजे है पांच बजे तक होगी। 30 जनवरी को सुबह ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो मन्दिर परिसर से निकलकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर वापिस मंदिर परिसर आयेगी। सुबह 10 बजे 51 किलो रोके का भोग व रात्री में जागरण होगा। 31 जनवरी को सुबह सवा आठ बजे हवन व जोत होंगे। कार्यक्रम में काफी संख्या में भैरू भक्त महिला व पुरुष मौजूद रहे।

## ईश्वर दास महाराज की अस्थियों का विर्सजन



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** सालासर बालाजी धाम के दादू संत आश्रम में वृध्द संत ईश्वरदास महाराज दादूपंथी का 15 जनवरी को देवलोक गमन हो गया जिनका अस्थि विसर्जन दादू पंथ परंपरा के अनुसार दादू मोक्ष धाम भैराणा में किया गया। मंगलवार को गांव के विशिष्ट लोग एकत्रित हुए उनके मध्य में वर्तमान दादू द्वारा के संत परमानंद दास दादू पंथी ने बताया कि ब्रह्मलीन संत ईश्वर दास महाराज दादूपंथी का सत्रहवीं भण्डारा 31 तारीख को किया जाएगा। विशिष्ट जनों की संगोष्ठी के बाद शुक्रवार को प्रातः 8:15 बजे दादू वाणी जी के पाठों का शुभारंभ होगा। रात्रि में बाहर से पधारे हुए संत महापुरुषों की ओर से भजन संध्या रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा वहीं 31 को प्रातः 9:15 बजे चरण प्रतिष्ठा हवन आरती व सुबह 12:00 बजे से भोजन प्रसादी का आयोजन सुनिश्चित किया गया। इस दौरान दादू दयाल फौजी बाबा आश्रम समलेटी, दौसा से पधारे महंत हरिकिशन दास महाराज, सालासर दादू द्वारा की ओर से भक्त बेगाराम गौशाला, नेमाराम ढाका, बालचंद प्रजापत, प्रहलाद सिंह शेखावत, नेमीचंद प्रजापत, सुभाष टेलर, पूनमचन्द गुलेरिया, हरि प्रजापत व मुरली प्रजापत सहित गांव के कई लोग मौजूद रहे।

## ठरड़ा रोड़ पर कीचड़ की समस्या के समाधान की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय ठरड़ा रोड़ के निवासियों ने नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि बालाजी मंदिर के पास सड़क टूटी हुई है और आम रास्ते पर कीचड़ भरने की समस्या के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहित बोचीवाल के नेतृत्व में लोगों ने आयुक्त को बताया कि एक दिन बाद ही ठरड़ा में मेला है, जिसके कारण हजारों वाहन दिनभर में आयेंगे, लेकिन कीचड़ और टूटी सड़क के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आयुक्त चारवी ने समस्या का समुचित समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार विद्युत निगम जाकर लोगों ने वहां पर सहायक अभियंता के नाम ज्ञापन दिया और लोहे के पोल में विद्युत करंट की समस्या का समाधान करने जर्जर पोल बदले जाने, ढ़ीले विद्युत तारों को टाईट करने की मांग की। इसी प्रकार जलदाय विभाग जाकर भी लोगों ने समस्या के बारे में कर्मचारियों को जानकारी दी। इस दौरान राकेश प्रजापत, मैना देवी, महेश माली, द्रोपदी शर्मा, सुमन, ममता, सरोज, मंजू देवी, सोना देवी, गोपाल माली, पूजा, सीमा, नरेंद्र प्रजापत, कमल, लक्ष्मण प्रजापत, सुशील शर्मा, सांवरमल, बाबूलाल, प्रभु, अमर आदि मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, प्रतिभाओं को किया सम्मानित




चूरू।



तारानगर।



धौलपुर।



धौलपुर।



धौलपुर।



राजलदेसर।



सांगानेर।



बीदासर।



नीमकाथाना



चूरू।



मण्डावा।

जयपुर टाइम्स

**चूरू।** जिले में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला मुख्यालय पर पुलिस लाईन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पुलिस अधीक्षक जय यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी नागरिक, विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में जिला कलक्टर ने मार्च पास्ट का निरीक्षण कर सलामी ली। अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। समारोह में आरआई मुकुट बिहारी के नेतृत्व में राजस्थान पुलिस, महिला पुलिस, होम गार्ड व एनसीसी, स्काउट-गाइड ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर अतिथियों ने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 58 अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों व नागरिकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने वीरांगनाओं व लोकतंत्र सेनानियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। केजीबीवि, राजकीय बागला बालिका उमावि, मधुर स्पेशल शिक्षण संस्थान, लॉर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल, लिटिल फलोवर स्कूल के बालक-बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान झांकी प्रदर्शन में पशुपालन विभाग की मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की थीम पर झांकी ने प्रथम, शिक्षा विभाग की कोड चूरू की थीम पर झांकी ने द्वितीय, जिला परिषद की रिचार्ज शाफ्ट की थीम पर झांकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परेड में एनसीसी छात्र टुकड़ी प्रथम, राजस्थान पुलिस की पुरूष टुकड़ी द्वितीय तथा एनसीसी छात्र व छात्रा की टुकड़ी तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार शर्मा, प्रमेन्द्र शर्मा व सुष्मिता गुर्जर ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार, एएसपी सतपाल सिंह, एएसपी डॉ. कृष्णा सामरिया, बसंत शर्मा, वासुदेव चावला, दीपचन्द राहड़, चंद्राराम गुरी, ओम सारस्वत, एसडीएम सुनील कुमार, सरदारशहर एसडीएम रामकुमार, चूरू तहसीलदार अशोक गोरा, एसीईओ दुर्गा ढ़ाका, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, विक्रम कोटवाद, सुशील लाटा, सीडीईओ संतोष महर्षि, एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड़, आयुक्त अभिलाषा सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, मंगेज सिंह सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। मुख्य समारोह से पूर्व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक जय यादव, एएसपी सुनील कुमार, एसडीएम सुनील कुमार, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया सहित सेना के जवानों, पुलिस कर्मियों, नागरिकों ने वीरगति स्मारक पर पुष्प चक्र व पुष्प अर्पित कर वीरों को श्रद्धांजलि दी।

**तारानगर।** विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया के मुख्यातिथ्य व एसडीएम राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कस्बे की आईजीएनपी परिसर में उपखंड स्तर का 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया व एसडीएम राजेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण किया। विधायक नरेंद्र बुड़ानिया एसडीएम राजेंद्र कुमार, तहसीलदार हनुमानसिँह ने डीएसपी रोहित सांखला, बीडीओ अशोक कुमार, ईओ अजय प्रताप ने शहीदों के परिवार सहित विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कस्बे की सरकारी व निजी विद्यालयों की छात्र छात्राओ ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, तहसीलदार हनुमानसिँह, चेयरमेन प्रियंका बानो, क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्रसिँह, सीबीईओ बबलेश शर्मा, पार्षद संजय वाल्मीकि, सहदेव भाटी, कुंदन सैनी, भागीरथ भामी, बजरंग सैनी, कनिष्ठ अभियंता ओमप्रकाश ग्रोवर, उपखंड स्तर के अधिकारी कर्मचारी व बच्चे उपस्थित रहे।

**धौलपुर।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परिवहन निरीक्षक ओमप्रकाश वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, विभाग के अधिकारियों से कहा कि हमें सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र में कार्य करना चाहिए और राजस्थान सरकार की ओर से आवंटित लक्ष्यों की समय पर पालना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की ओर से विभाग को जो लक्ष्य आवंटित किए गए हैं, वह सामूहिक प्रयासों से समय पर पूरे किए जा सकते हैं, इसलिए विभाग के प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी को उन लक्ष्यों को पूरा करने में एक जुटता दिखानी होगी। उन्होंने अवैध रूप से संचालन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने की बात कही। इस अवसर पर परिवहन विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



मण्डावा।

**धौलपुर।** जिले में 77 वे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आरएसी मैदान पर मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। समारोह के मुख्य अतिथि की ओर से ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली व परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में शामिल राजस्थान पुलिस, राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान गृह रक्षा दल, एनसीसी, स्काउट गाइड कब बुलबुल दल, सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज व एनसीसी की टुकड़ियों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे समृद्ध लोकतंत्र है तथा हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए हमारे महापुरूषों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और उन्हीं के बलिदान और त्याग के कारण आज हम सब लोकतंत्र की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने राज्यपाल के प्रदेश के नाम संदेश पढ़कर सुनाया। गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। मयूरी विशेष विद्यालय की कठपुतली नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी लोगों ने विशेष बच्चों के सम्मान में करतल ध्वनि से अभिनंदन किया। विशेष बच्चों ने समारोह में मौजूद दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय, बाड़ा हैदरशाह विद्यालय, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से दी गई सहासिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को विस्मित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पोस्टर विमोचन एवं वंदे मातरम का गायन किया गया। समारोह के दौरान मोटरसाइकिल पर आरएसी छठी बटालियन के जवानों ने साहसिक हैरतअंगेज प्रदर्शन किये। मोटरसाइकिल पर प्राणायाम, शीर्षासन, मोटरसाइकिल के मध्य सेतु का निर्माण, अग्निचक्र से मोटरसाइकिल का प्रवेश, मोटरसाइकिल पर पिरामिड जैसे साहसिक कार्यों का प्रदर्शन किया। हैरतअंगेज कलाबाजियों ने दर्शकों को अचंभित कर दिया।बगणतंत्र दिवस पर शहीद कमल सिंह की पत्नी सुशीला देवी, शहीद कम्मोद सिंह की पत्नी उर्मिला देवी, शहीद राघवेन्द्र सिंह की पत्नी अंजना सिकरवार, शहीद भागीरथ की पत्नी रंजना देवी, शहीद रणजीत सिंह की पत्नी रेखा तौमर को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर जिला कलक्टर ने सम्मानित किया और उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन- कार्यक्रम में झांकी प्रदर्शन के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से महाकाल दा मास्टर ऑफ टाईम का प्रदर्शन किया गया। चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी मुक्त भारत व मा वाउचर योजना, वन विभाग की ओर से हरियालो राजस्थान एक पेड़ मॉ के नाम, कृषि विभाग की ओर से कृषि व उद्यानिकी नवाचार ड्रोन व सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, न्यू रॉयल्स पब्लिक स्कूल की ओर से वंदे मातरम, महिला बाल विकास विभाग की ओर से नारी सम्मान राष्ट्र की पहचान, जिला परिषद की ओर से राजीविका, स्वच्छ भारत मिशन व प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा माह की झाकियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर समारोह में धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, उपखण्डाधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, सुखराम कोली, सतेन्द्र पाराशर, डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित कई लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन गोविन्द गुरु ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार वर्मा को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया है। धौलपुर के आरएसी लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी एवं जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने प्रदीप कुमार वर्मा को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मान प्रदान किया। राजस्थान के सूचना व जनसंपर्क निदेशालय से स्वतंत्र पत्रकार के रूप में अधिस्वीकृत वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार वर्मा बीते करीब 35 वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े हैं। वर्तमान में वर्मा अमर उजाला, समाचार एजेंसी हिंदुस्तान समाचार सेवा, समाचार पत्र अटल स्तंभ व भोर वैभव सहित कई समाचार पत्रों से जुड़े हैं। वर्मा राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर, राष्ट्रदूत, दैनिक नवज्योति व एनडीटीवी इंडिया के ब्यूरो चीफ रह चुके हैं और आउटलुक सहित कई समाचार पत्रों व पत्रिकाओं के लिए लेखन कर चुके हैं। वर्ष 1988 से पत्रकारिता शुरू करने वाले वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार वर्मा वर्ष 1993 में हिंदी पाक्षिक धौलपुर पब्लिक टुडे के संपादक के रूप में पहली बार राजस्थान के सूचना व जनसंपर्क निदेशालय से अधिस्वीकृत हुए थे। इसके बाद शर्मा ने दैनिक प्यारा तिरंगा व सप्ताहिक आजादी के सूरज के कार्यकारी संपादक के रूप में भी कई सालों तक काम किया है। बताते चलें कि धौलपुर जिला प्रशासन की ओर से इससे पूर्व तीन बार जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार,आमजन के हितों के संरक्षण और सकारात्मक पत्रकारिता के लिए भी वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार वर्मा को सम्मानित किया जा चुका है। हिंदी, शिक्षा व पत्रकारिता में अधिस्नातक तथा कानून में स्नातक तथा सारथी सेवा संस्थान व चंबल कला व साहित्य संस्थान से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार वर्मा को कई अन्य संस्थाओं की ओर से भी पत्रकारिता, शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में सम्मानित किया जा चुका है।

**राजलदेसर।** कस्बे 77वा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार हरदिप सिंह ने ध्वज फहराया। पुलिस जवान टुकडी ने ध्वज को सलामी दी गई। थाना परिसर में थानाधिकारी सुरेन्द्र बारूपाल ने ध्वज फहराया। नगरपालिका में अध्यक्षा गंगादेवी ने ध्वज फहराया। अधिशाषी अधिकारी कुन्दन दैथा मौजूद रहे। पुलिस जवान टुकडी ने ध्वज को सलामी दी। बालक बालिकाओं ने राष्ट्रगान गाया। नगरपालिका की ओर से बालक बालिकाओं को पारितोषिक वितरण किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले का सम्मान किया गया। सफाई कर्मचारी को पारितोषिक वितरण किया गया। युवा भारती स्टेडियम में सामुहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष गंगादेवी, तहसीलदार हरदिप सिंह, अधिशाषी अधिकारी कुन्दन दैथा ने ध्वज फहराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे की 11 सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं ने भाग लिया।

**सांगानेर।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीरामपुरा में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रधानाचार्य प्रकाश राजावत की ओर से ध्वजारोहण के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और विद्यार्थियों, शिक्षकों व ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना रहा। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने देश की एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों का संदेश दिया। कार्यक्रम के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई वितरण किया गया। मंच संचालन शिक्षिका रितु रचियता ने किया। प्रधानाचार्य प्रकाश राजावत ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की वास्तविक अहमियत समझाते हुए कहा कि यह दिन केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता, समानता और न्याय जैसे मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिथियों की ओर से प्रधानाचार्य प्रकाश राजावत का साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल सुरेश मीणा, व्याख्याता सीमा मीणा, पीटीआई शिवराज सिंह शेखावत सहित अनीता शर्मा, दीपक शर्मा, विद्या शर्मा, निर्मला तिवारी, मीरा मीणा, नीमा मीणा, श्रद्धा रावत आदि शिक्षक उपस्थित रहे। साथ ही अतिथि कन्हैयालाल शर्मा (उपसरपंच), मोतीलाल सैन, मोहनलाल प्रजापत, सीताराम शर्मा, कैलाश शर्मा, प्रमोद, घनश्याम चौपड़ा, नाथूलाल शर्मा, प्रभूनारायण प्रजापत, जगदीश प्रजापत, पप्पूलाल प्रजापत (वार्ड पंच), दामोदर बैरवा, ग्यारसीलाल बैरवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**बीदासर।** कस्बे में सोमवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह राजेन्द्र-सुरेन्द्र चोरड़िया स्टेडियम में नगर पालिका अध्यक्ष सीताराम भौभरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम अमीलाल यादव रहे। विशिष्ट अतिथि डीएसपी नेमीचंद चौधरी, तहसीलदार अमर सिंह, विकास अधिकारी राजूराम, थाना अधिकारी दिलीप सिंह और पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा मौजूद रहे। एसडीएम यादव ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड क्षेत्र में शिक्षा, प्रशासन, खेल व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 120 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेश कुमार जानू ने किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कस्बे के विभिन्न सरकारी कार्यालयों व संस्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया। सिविल न्यायालय में न्यायाधीश सरिता कायथ, उपखंड कार्यालय में एसडीएम अमीलाल यादव, तहसील कार्यालय में तहसीलदार अमर सिंह, पंचायत समिति कार्यालय में विकास अधिकारी राजूराम तथा नगर पालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष सीताराम भौभरिया व ईओ भरत गौड़ , पुलिस थाना में थानाधिकारी दिलीप सिंह, नगर कांग्रेस कार्यालय में नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, राजकीय सेठिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य हेमराज मेघवाल, धापूदेवी चोरड़िया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य प्रेमरत्न शर्मा, सांवरमल सुशीला देवी सुथार राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सी.पी. सिंगड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र घोसलिया, पीडब्ल्यूडी कार्यालय में जेईएन सुमित पुनिया और पीएचईडी कार्यालय में सहायक अभियंता दिनेश मेहला व रवीन पुनिया ने ध्वजारोहण किया।

**नीमकाथाना/पाटन** गणतंत्र दिवस के 77वें अवसर पर नीमकाथाना के जिला स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह में चिकित्सा सेवा, प्रशासनिक दायित्व, ग्राम विकास और सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पाटन अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए डॉ. अमित यादव मूलचंद दीवान, पाटन अस्पताल को सम्मानित किया गया। वहीं पंचायत समिति पाटन में अपने पदीय कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक और प्रभावी निर्वहन करने पर नवरंग भारद्वाज, वरिष्ठ सहायक, को सम्मान प्रदान किया गया। चारागाह भूमि पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने पर ग्राम विकास अधिकारी अजित यादव को सम्मानित किया गया। इसके अलावा गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए ओमप्रकाश सैनी को भी सम्मान से नवाजा गया। समारोह में एसडीएम नीमकाथाना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना, क्षेत्र के वर्तमान विधायक वं पूर्व विधायक सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने सम्मानित व्यक्तियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पुरस्कार समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मान समारोह प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहन मिल सके।

**चूरू।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कलक्ट्रेट व जिला परिषद में ध्वजारोहण किया और अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, एसडीएम सुनील कुमार, डीएलआर पवन तंवर, तहसीलदार अशोक गोरा, डीएसओ अंशु तिवाड़ी, नरेन्द्र राठौड़, दीपक शर्मा, गौरव शर्मा, हवासिंह सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। जिला परिषद में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने राष्ट्र ध्वज फहराया। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर व एसडीएम सुनील कुमार ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान सीडीईओ संतोष महर्षि, सीपीओ भागचंद खारिया, तहसीलदार अशोक गोरा, सहायक विकास अधिकारी प्रेमसिंह चौहान, सुरेश सैनी, सचिन डोरवाल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मण्डावा।** उपखंड मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह मुकुन्दगढ मार्ग स्थित खेल स्टेडियम प्रांगण में आयोजित हुआ। उप जिला कलेक्टर मुनेश कुमारी ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट किया, जिसकी सलामी मुख्य अतिथि ने ली। इसके उपरांत सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन किया। कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते अतिथियों ने उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं, जिनका उपस्थित लोगों ने उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में मण्डावा नपा अध्यक्ष नरेश सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ0 सुरेन्द्र भास्कर, पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, ईओ जैकीराम गोयल, सीबीईओ पवन कुमार, वीडीओ लक्ष्मीनारायण मीणा, पूर्व चेयरमैन सज्जन मिश्रा, पार्षद मो0 इब्राहिम, मोहनलाल व बाबूलाल सैनी सहित सभी सरकारी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और पत्रकार उपस्थित रहे।

**मण्डावा।** गणतन्त्र दिवस के मौके पर नगर पालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी व ईओ जैकीराम गोयल, पुलिस थाना में सीआई रामनारायण चोयल, श्री सनातन धर्म पंचायत स्कूल में पवन देवड़ा दिल्ली के लेखक बिजेंदर शर्मा व प्राचार्य डा0 विद्या पुरोहित आदि ने तिरंगा फहराया। इसी प्रकार आदर्श विद्या मन्दिर में निदेशक अभिषेक तेतरवाल व प्राचार्य मुकेश स्वामी, राजस्थान पब्लिक उमावि में निदेशक हरलाल सिंह मोगा, शहीद रामेश्वर सिंह मेमोरियल उमावि में निदेशक महेश गढवाल व पूनम गढ़वाल, शहीद रामेश्वर सिंह राजकीय उमावि, तेतरा में शिक्षाविद्ध हरफूल सिंह गढवाल व प्रधानाचार्या राजबाला, वार्ड न 9 राजकीय स्कूल में कैलाश लाहोरा व वार्ड न0 8 स्थित राजकीय स्कूल में प्रधानाध्यापक डॉ नवीन ढ़ाका, पत्रकार सूर्यप्रकाश लाहोरा, गायत्री परिवार, मण्डावा की प्रतिनिधि सीमा देवड़ा, देबूराम बोयल, भंवरी पूनिया,मंजू मेव, सुनीता गिरोह आदि ने तिंरगा फहराया और पत्रकार लाहोरा को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

**झुंझुनूं।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उद्यान विभाग के उप निदेशक डॉ. विजयपाल कस्वां को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया, वहीं उनकी पत्नी डॉ. सुमन कस्वां को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया गया। कृषि आयुक्तालय, पंत कृषि भवन, जयपुर की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यानिकी आयुक्त चिन्मयी गोपाल ने डॉ. कस्वां को उनके कुशल, ईमानदार और प्रभावी कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। दूसरी ओर, सहायक निदेशक डॉ. सुमन कस्वां को विभागीय योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने जिला स्तर पर सम्मान प्रदान किया। डॉ. विजयपाल कस्वां इससे पूर्व भी विभागीय और चुनावी कार्यों में सराहनीय योगदान के लिए जिला स्तर पर पुरस्कृत हो चुके हैं।

**झुंझुनू** गणतंत्र दिवस का भव्य जिला स्तरीय समारोह सोमवार को स्वर्ण जयंती स्टेडियम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग के आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पश्चात पुलिस बैंड की ओर से राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया और मुख अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिला कलेक्टर ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य इस अवसर पर राज्यपाल के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद वीरांगना के रूप में मेहरदासी निवासी सार्जेंट सुरेंद्र कुमार की पत्नी सीमा का सम्मान किया गया। जिला स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से झांकियां भी निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र रही।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।